बैंक ने ग्राहकों के लिए बेहतर यूजर इंटरफेस के साथ नया उन्न्त मोबाइल बैंकिंग एप्प एम-बैंकिंग प्लस पेश किया है जिसमें मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से पीपीएफ खाता खोलना, 24x7 यूपीआई सेवाएं, भौतिक डेबिट कार्ड का उपयोग न करने वाले ग्राहकों के लिए वर्चुअल कार्ड की उत्पत्ति, बीबीपीएस के माध्यम से बिल भुगतान एवं रिचार्ज की सुविधा, एफडी रसीद का ऑनलाइन पंजीकरण, डेबिट कार्ड जारी करने हेतु अनुरोध/कार्ड सक्रियण की सुविधा, कॉल बैक सेवा हेतु अनुरोध, कार्ड को सक्रिय/निष्क्रिय करने की सुविधा के साथ यूको सिक्योर के माध्यम से डेबिट कार्ड की उन्नत सुरक्षा सुविधा, कार्ड की सीमा स्थापित करना एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रयोग सुविधा को प्रतिबंधित करना आदि सुविधाएं शामिल हैं।

ई-बैंकिंग:

बैंक ने नई सुविधाओं जैसे ई-मेल पर पीडीएफ प्रारूप में खाता विवरण प्राप्त करना, नए डेबिट कार्ड और चेक बुक हेतु आवेदन, ऑनलाइन सावधि जमा का नवीकरण तथा नामिती को जोड़ने की सुविधा, लॉकर की सुविधा प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन, खाते में पैन संख्या प्रविष्ट करने एवं फॉर्म 15जी/15एच जमा करने की शुरुआत की है।

INITIATIVES TAKEN UP IN FY 2019-20

Initiatives for MSME growth

With a view to improve MSME Business and to reap the benefits of low cost of operations and expertise of NBFC Bank has tied-up with M/s Srei Equipment Finance Limited (SREI) on 17.02.2020 to offer Co-origination of loans for purchase of construction and mining, farm and medical equipment under a co-lending arrangement. iQuippo, a Kanoria Foundation initiative, will facilitate sourcing of loans under this programme.

Bank launched several schemes during the financial year for the benefit of MSMEs

- Scheme for financing Two Wheelers under MUDRA for the purpose of commercial use for the benefit of customers under MSME
- A special scheme for MSEs "UCO Vyapar Samridhi"was launched on 17/06/2019 where collateral free loans up to Rs.1 crore are sanctioned to MSEs including Retail Traders
- With a view to mitigate the liquidity crunch of MSMEs, a new scheme for MSME "Standby Line of Credit for MSME" has been introduced on 06.01.2020.
- The Bank has tied-up with RXIL and is trading at RXIL platform with effect from February 2019. Considering future business prospect under TReDS, Bank has also tied-up with M1xchange and Invoicemart on 14.11.2019 for discounting of bills at TReDS.

TECHNOLOGICAL INITIATIVES

ATMs/Debit Cards :

Bank has introduced UCASH (Cardless Cash Withdrawal) facility at all UCO Bank ATMs which can be used by our customers availing M-Banking facility. Bank has also introduced Cash@POS facility by which our Debit and prepaid card holders can avail cash withdrawal facility at POS/BC outlets. Bank is in the process of Installation of 400 new Passbook Printing Kiosks and 100 new Cash recycler Machines for ease of customers

M-banking :

Bank has launched new revamped Mobile Banking App mBanking plus with better user interface for customers including facilities like online PPF account Opening through mobile banking, 24x7 UPI services, generation of Virtual card for customers who have not availed physical debit cards, utility bill payments and recharges through BBPS, online Regeneration of FD receipt, facility for debit card issuance request/card activation, Request for call back service, enhanced security for debit cards through UCO secure with facility of enable/disable card, setting card limit and restricting international usage facility.

E-Banking

Bank has implemented new features like Account Statement on email allowing customers to get pdf format account statement, New debit card request & Cheque book request, online FD renewal and Nominee addition facility, Online application for availing Locker facility, seeding of PAN in account & submission of Form 15G/15H.

ग्राहक सुविधा

बैंक ने डिजिलॉकर के माध्यम से टीडीएस प्रमाण-पत्र डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान की है। बैंक ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों सहित दिव्यांगों तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए द्वार पर बैंकिंग सुविधा की शुरुआत की है। बैंक ने पीपीएफ़ खाते में भुगतान के लिए स्टैंडिंग इंस्ट्रक्सन सुविधा भी शुरु की है।

कॉल सेंटर (यूको संपर्क)

बैंक ने ग्राहकों को विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों जैसे शेष राशि की पूछताछ, खाता विवरण, विगत 5 लेनदेनों का लघु विवरण, पैन एवं आधार लिंक किए जाने की स्थिति, कार्ड ब्लॉक करना, यूपीआई सेवाएं, इंटरनेट बैंकिंग सुविधा आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री संख्या 18002740123 के माध्यम से "यूको संपर्क" के नाम से आईवीआर आधारित फोन बैंकिंग समाधान की शुरुआत की है, यह सुविधा प्राप्त करने के लिए ग्राहकों को अपने पंजीकृत मोबाइल संख्या से टोल फ्री न. डायल करना होगा। यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी सहित 10 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

बढ़ते कदम:

वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने रिटेल और एमएसएमई खंड को बढ़ाने और वसूली खंड को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए हैं। प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से भी ग्राहक सुविधा को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय किए गए। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 की अंतिम तिमाही में लाभ अर्जित कर सकारात्मक दृष्टिकोण दर्शाया है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में हमारे बढ़ते कदम प्रगति पथ पर अग्रसर हैं। बैंक एनपीए स्लिपेज को कम करने और अग्रिम तथा कासा वृद्धि में औद्योगिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आगे भी सतत प्रयासरत रहेगा।

बैंक प्रौद्योगिकी संचालित एंड टु एंड ऑटोमेशन के माध्यम से ऋण मूल्यांकन प्रणाली से अपनी मूल्यांकन तकनीकों को उन्नत करने के लिए लोन ओरिज्नेटिंग सिस्टम (एलओएस) की शुरुआत करने जा रहा है। एलओएस सुविधा प्रयोग कर ग्राहक बैंक की वेबसाइट के माध्यम से ऋण के लिए आवेदन भी कर सकता है तथा ऋण के लिए आवेदन करते समय शाखा के चयन का विकल्प, ई-मेल/एसएमएस द्वारा ऋण आवेदन की स्थिति और इसके लंबित होने के कारणों की जानकारी जैसी सुविधाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकता है। ये प्रक्रियाएं कारोबार पर अनुपालन की प्राथमिकता के साथ पारदर्शिता को बढ़ाएंगी। प्रक्रियाओं में ये सुधार प्रतिक्रिया समय को कम कर देंगे और बेहतर आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे।

बैंक कुछ फिनटेक फर्मों जो वित्तीय विश्लेषण के विशेषज्ञ हैं, के साथ टाई-अप कर अपने ग्राहक पहुंच तकनीकों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। तेजी से बदलती दुनिया में ग्राहकों की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बैंक हर क्षेत्र में डिजिटल अभिग्रहण पर ध्यान देगा।

कोविड-19 ने भारत तथा पूरे विश्व में आर्थिक गतिविधियों को नुकसान पहुंचाया है। यह स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और बैंक इसकी बारीकी से निगरानी कर रहा है। बैंक लगातार अपने उधारकर्ताओं के संपर्क में रहेगा और उधारकर्ताओं की योग्यता के अनुसार उन्हे वित्तीय सहयोग प्रदान दिया जायेंगा।

मैं निदेशक मंडल के सभी सदस्यों के बहुमूल्य सहयोग और सभी परिस्थितियों में प्रबंधन को दिए गए मार्गदर्शन को स्वीकार करता हूँ और धन्यवाद देता हूँ। मैं बैंक के कार्मिकों द्वारा दिखाए गए समर्पण और कड़ी मेहनत को भी स्वीकार करता हूं।

मैं सभी हितधारकों से सतत समर्थन की उम्मीद करता हूं।

(ए. के. गोयल)
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

Customer Convenience

Bank provided facility for TDS certificate download through Digilocker. Bank has implemented Door Step Banking facilities for Senior Citizens and differently abled persons including those who are visually impaired. Bank also introduced Standing Instruction for payment in PPF account facility.

Call Centre (UCO SAMPARK)

Bank has introduced IVR based Phone Banking solution called "UCO SAMPARK" through toll free number 18002740123 to help customers to carry out various banking activities like Balance enquiry, Account Statement, Mini statements for last 5 transactions, PAN & Aadhaar link status, Blocking of Card, UPI services, Internet Banking facility etc. when dialed from their registered mobile numbers This facility is available in Hindi, English and ten (10) other regional languages.

Way Forward:

During the year 2019-20, Bank has taken several measures to increase retail & MSME segment and strengthen recovery segment. Several measures were also taken to improve customer convenience through technology and innovation. Bank has witnessed few green shoots by posting profit in the last quarter of the financial year 2019-20.

The way forward for FY 2020-21 is shift from survival to growth mode. Bank will continue its focus on containing slippages and reaching the Industry bench marks on advances and CASA growth.

Bank is in the process of introduction of Loan Originating System (LOS) to upgrade its appraisal techniques through technology driven end to end automation of loan appraisal system. Using LOS facility, customers will also be able to apply for loans through Bank's website and can avail the facilities like option of Branch selection while applying for Loan, tracking of the status of loan application and information on pendency reasons through e-mail/SMS. These processes will enhance transparency with priority of compliance over business. These improvements in processes will minimize the response time and ensures better asset quality.

Bank will focus on strengthening its customer reach techniques by tie up with few Fintech firms who are having expertise financial analytics. Bank will focus on Digital adoption in every area to meet the customer preferences in the fast changing world.

COVID 19 has disrupted economic activity of India and across the Globe. The situation continues to be uncertain and Bank is closely monitoring the same. Bank will continuously in touch with our borrowers and will provide financial support to the borrowers on merits.

I acknowledge and thank all the members of the Board for their valued support and guidance extended to the management in all the endeavors I also acknowledge the dedication and hard work shown by the employees of the Bank.

I look forward for continued support from all the stakeholders.

(A. K. Goel)
Managing Director &
Chief Executive Officer

निदेशक मंडल की रिपोर्ट : 2019-20
REPORT OF THE BOARD OF DIRECTORS : 2019-20

I. प्रबंधन विमर्श एवं विश्लेषण

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था

2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था 2.9% की दर से बढ़ी तथा वर्ष 2020 में कोविद–19 के कारण (-) 3.0% की दर से बढ़ने का अनुमान है। वैश्विक विकास पूर्वानुमान पर हमेशा अनिश्चितता बनी रहती है क्योंकि आर्थिक गिरावट अनिश्चित कारकों पर निर्भर करती है जिसपर भविष्यवाणी करना बहुत ही कठिन है। इनमें दुनिया भर में कोविद-19 महामारी का प्रकोप शामिल है। वायरस के छिटपुट प्रसार को देखते हुए, अधिकांश देशों ने वायरस के प्रसार का मुकाबला करने के लिए एक उपाय के रूप में पूर्ण बंद की घोषणा की। इससे आपूर्ति में बाधा आई है तथा और उत्पादन घाटा हुआ है जिससे वैश्विक वित्तीय बाजार प्रभावित हुआ, खर्च करने की पद्धति और अस्थिर वस्तु की कीमतों में बदलाव आया। यह माना जाता है कि महामारी 2020 की दूसरी छमाही में दूर हो जाएगी और आर्थिक गतिविधि फिर से शुरू होने पर 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था 5.8% की दर से बढ़ने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ष 2020 में विकसित देशों के लिए निम्न पूर्वानुमान लगाया है संयुक्त राज्य अमेरिका (-) 5.9%, जापान (-) 5.2%, ब्रिटेन (-) 6.5%, जर्मनी (-)7.0%, फ्रांस (-) 7.2%, इटली (-)9.1% और स्पेन (-)8.0% में विकास की दर कम हो जाएगी।

वस्तुओं की कीमतों में कमी आई है, 2020 में खाद्य कीमतों में 2.6% की कमी और इसके बाद 2021 में 0.4% की वृद्धि होने का अनुमान है। संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच व्यापार संघर्ष और ब्रेक्सिट सौदे की संभावना के कारण वैश्विक वित्तीय बाजार बेहद अस्थिर रहा। वैश्विक व्यापार संगठन को 2020 में वैश्विक व्यापार कारबार में 13-22% तक कम होने का अनुमान है। मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले कमजोर हुआ है। अधिकांश उभरती बाजार मुद्राएं मजबूत हुईं हैं।

2. भारतीय अर्थव्यवस्था :

भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान अमेरिकी डॉलर में जीडीपी का उपयोग करने के रूप में दुनिया में पांचवें स्थान पर है। 2019 में अर्थव्यस्था का आकार $2.9 ट्रिलियन अनुमानित किया गया था। केंद्रीय बजट 2019-20 में 2024-25 तक भारत को $5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के माननीय प्रधानमंत्री के लक्ष्य को अपनाया गया। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने 2018-19 में 6.1% की तुलना में 2019-20 में 4.2% की वास्तविक जीडीपी वृद्धि अनुमानित की थी। पिछले साल से विकास दर में गिरावट को आम तौर पर विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की मंदी के लिए जिम्मेदार “ठराया गया है। मांग पक्ष में, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में मंदी वास्तविक अचल निवेश की वृद्धि में गिरावट के कारण हुई। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2020-21 में जीडीपी में 5.0% की वृद्धि का अनुमान लगाया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2020 में 1.9% के विकास का अनुमान लगाया था तथा कोविद-पूर्व स्थिति में मंदी के पूर्व के दौर में आते हुए तेज बदलाव के साथ 2021-22 में 7.4% की वृद्धि का अनुमान लगाया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मार्च, 2019 के 2.86% की तुलना में मार्च, 2020 को बढ़कर 5.91% हो गया। वित्तीय वर्ष की पहली छमाही के दौरान मुद्रास्फीति दूसरी छमाही से कम थी क्योंकि खाद्य पदार्थ की कीमतों में गिरावट के साथ सब्जी, दालों, तेल, दूध, मांस और मछली के मामले में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। क्रूड तेल की कीमत में गिरावट से आने वाले महीनों में मुद्रस्फीति में गिरावट कम हो सकती है। कोविद-19 के वैश्विक महामारी में बदल जाने के कारण मुद्रास्फीति दृष्टिकोण अत्यंत ही अनिश्चित

I. MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

1. GLOBAL ECONOMY:

Global economy has grew at 2.9% in 2019 and projected to decline by (-) 3.0% in 2020 due to Covid-19. There is always an uncertainty around the global growth forecast because the economic fallout depends on uncertain factors which are hard to predict. These include outbreak of COVID- 19 pandemic worldwide. Considering the sporadic spread of the virus, most of the countries declared a total shutdown as a measure to counter the spread of virus. This has resulted in disruption of supply and production losses, affecting global financial market, shifts in spending pattern and volatile commodity prices. It is assumed that the Pandemic will fade away in the second half of 2020 and global economy is projected to grow by 5.8% in 2021 as economic activity resumes. As per IMF forecast, the real GDP of advanced countries will contract during the year 2020. The negative growth estimated for United States (-) 5.9%, Japan(-) 5.2% , UK (-) 6.5% , Germany (-) 7.0% , France (-) 7.2%, Italy (-) 9.1% and Spain (-) 8.0%.

Commodity Prices have decreased, food prices are projected to decrease by 2.6% in 2020 and thereafter increase by 0.4% in 2021. Global financial market remained extremely volatile because of trade conflict between US and China and a possibility of Brexit deal. Global trade Organisation sees global Merchandise Trade contracting by as much as 13-22 % in 2020. In currency market the US dollar weakened against major currencies. Most of emerging market currencies was strengthened.

2. Indian Economy:

India's economy stood at fifth largest in the world as measure using GDP at current US dollar. The size of the economy was estimated at $2.9 trillion in 2019. The Union Budget 2019-20 had articulated the vision of Hon'ble Prime Minister to make India a $5 trillion economy by 2024-25. The National Statistical Office (NSO) had estimated the growth of real GDP in 2019-20 at 4.2% as compared to 6.1% in 2018-19. The deceleration in growth rate from last year has been attributed generally to slowdown of manufacturing and services sector. On the demand side, the deceleration in GDP growth was caused by a decline in the growth of real fixed Investment.RBI forecasted India's GDP growth at 5% in 2020-21. IMF had projected growth to be 1.9% in 2020 and expected to post a sharp turnaround and resume its pre-COVID pre- slowdown trajectory growing at 7.4% in 2021-22.CPI inflation surged to 5.91% in March 2020 as compared to 2.86% in March 2019. Inflation during the first half of the fiscal was lower than second half because there was perceptible spike in food prices with notable increase seen in case of vegetable, pulses, Oils, Milk, Meat and fish. However, decline in Crude Oil prices will work towards easing inflationary pressure in the subsequent months. Due to COVID-19 outbreak becoming a global pandemic the inflation outlook of India is highly uncertain. With several major economic functions in

हो गया है। कई प्रमुख आर्थिक कार्यों के लॉकडाउन मोड में आ जाने के कारण मांग की स्थिति तेजी से कमजोर हो सकती है। तदनुसार, दुनिया भर के देशों को अपस्थिति का सामना करना पड़ सकता है और महामारी के कारण इन अत्यधिक नकारात्मक दबावों से भारत प्रतिरक्षा नहीं कर सकता है। बाहरी क्षेत्र में, घरेलू एवं वैश्विक मंदी के कारण 2019-20 में भारत का कुल निर्यात एवं आयात घट गया। इसके अलावा व्यापार विवादों तथा कोविद-19 के प्रकोप के कारण मार्च 20 से देश के लगभग सभी राज्यों में बंद है। 2019-20 में निर्यात $330.08 बिलियन से घटकर $314.31 रह गया। पिछले वर्ष 2018-19 के $514.80 बिलियन के आयात से घटकर 2019-20 में यह $467.19 रह गया। 2019-20 के दौरान तिजारती व्यापार घाटा 2018-19 में $184 बिलियन की तुलना में कम होकर $152.96 बिलियन रहा। राजकोषीय घाटा जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 2018-19 में 3.8% की तुलना में 2020-21 में 3.5% निर्धारित किया गया।

बैंकिंग क्षेत्र में विकास:

वर्ष के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों का विलय मेगा बैंक बनाने के लिए किया गया। देश में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंक होंगे। 2019-20 में प्रणालीगत तरलता जून, 2019 से बड़े पैमाने पर अधिशेष में रही है। 2019-20 की पहली तिमाही के दौरान चार खुले बाजार संचालन (ओएमओ) खरीद नीलामी तथा खरीद/बिक्री स्वैप कार्रवाई द्वारा टिकाऊतरलता पहुंचाई गई। एसएलआर को चार चरणों में 25 बीपीएस कम किया गया है जो 13 अप्रैल, 2019 से प्रभावी है। 2019-20 की पहली छमाही के दौरान 10 वर्ष के बेंचमार्क जी-सेक की प्राप्ति सामान्यत: कम रही। 2019-20 की पहली तिमाही में अप्रैल से मध्य मई, 2019 तक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण 10 साल के बेंचमार्क में मामूली बढ़त हुई। इसके बाद बड़े पैमाने पर गिरावट का रुझान है। मार्च के प्रारंभ में प्राप्ति की शुरुआत क्रमश: पुराने एवं नए बेंचमार्क में नरमी के साथ हुई। मार्च, 2019 की तरह सितंबर, 2019 के अंत में एससीबी का जीएनपीए अनुपात 9.3% पर बना रहा। बैंक ऋण में संवृद्धि पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े के 13.3% की तुलना में 27 मार्च, 2020 को 6.1% (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) रही। एससीबी के सकल जमा में पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े के दौरान दर्ज 10.0% की तुलना में 27 मार्च, 2020 को 7.9% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई। भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 अक्तूबर, 2019 को बैंकिंग क्षेत्र में बाह्य बेंचमार्क प्रणाली की शुरुआत की तथा दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए नए विवेकपूर्ण ढांचे को जारी किया एवं आस्ति वर्गीकरण में गिरावट के बिना मानक के रूप में वर्गीकृत एमएसएमई के मौजूदा ऋणों को एक बार पुनर्गठन करने की अनुमति दी। इक्विटी बाजारों में उच्च अस्थिरता सहित कई कारकों के कारण 2019-20 की दूसरी छमाही के दौरान भारतीय रुपया अस्थिर रहा। पोर्टफोलियो निवेश बुरी तरह प्रभावित हुआ। दर संरचना, ऋण की मात्रा तथा मीयादी संरचना के कारण 2019 में मौद्रिक संचरण कमजोर हुआ। नीतिगत दर कटौती का लाभ भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर में दिए जाने से बकाया रुपये जमा में सुधार हुआ। भारतीय रिज़र्व बैंक ने जनवरी, 2019 से रेपो दरों में 135 बीपीएस की कमी की। 2019-20 की दूसरी छमाही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तरलता प्रबंधन परिचालन को संशोधित तरलता प्रबंधन ढांचे के अनुरूप किया गया। मौद्रिक हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फरवरी-मार्च 20 के दौरान पांच एलटीआरओ का संचालन किया गया। इसके अलावा वित्तीय स्थितियों पर कोविद-19 के दबाव का सामना करने के लिए एक लक्षियत दीर्घावधि रेपो ऑपरेशन (टीएलटीआरओ) आयोजित किया गया। विकास को ध्यान में रखते हुए वित्त मन्त्री ने केन्द्रीय बजट 2020-21 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को रु3,50,000 करोड़ की पूंजी की सहायता दी।

lockdown mode, demand conditions may weaken sharply. Accordingly countries across the world may face deflation and India may not be immune to these extreme downside pressure imparted by the Pandemic. In the external sector, India's overall exports and import decelerated in 2019-20 due to domestic and global economic slowdown. Besides, trade disputes and outbreak of COVID-19 led to shut down since March,2020 in almost all states of the country. Export fell to $314.31 billion in 2019-20 from $330.08 billion. Imports also declined to $467.19 billion in 2019-20 against $514.80 billion in the previous year 2018-19. During 2019-20, merchandise trade deficit was $152.88 billion lower as compared to $ 184 billion in 2018-19. The budget estimate of fiscal deficit for 2020-21 has been set as 3.5% of GDP as compared to 3.8% in 2019-20 (Revised estimate).

Banking Sector Development:

In the 2020, 10 PSBs have been merged to churn out mega banks. The country will have a total of 12 PSBs. Systemic liquidity in 2019-20 has been largely in surplus since June 2019. Durable liquidity injection was undertaken through four open market operation (OMO) purchase auctions and buy/sell swap action, all conducted during first quarter of 2019-20. Statutory Liquidity Ratio has been reduced 25 bps each in four steps effective April 13, 2019. During the first half of 2019-20, the 10 year benchmark G-sec yield mostly softened. In the first quarter of 2019-20 initially from April to mid May 2019, 10 year benchmark yield hardened marginally on account of rise in crude oil prices,thereafter, largely followed a downward trend. In the early March, yield started with a softening in the new and old benchmark respectively. GNPA ratio of Scheduled Commercial Banks(SCB's)remained flat at 9.3% at the end of September 2019 .Growth of Bank Credit was 6.1 % (Y-o-Y basis) as on 27th March 2020 as compared to 13.2% in the corresponding fortnight end of the previous year. Aggregate deposit of SCB's grew by 7.9 % (Y-o-Y) as on 27th March 2020 as compared to 10.0 % recorded during the corresponding fortnight end of the previous Year. RBI introduced external benchmark system in the banking sector on 1st October 2019 and released the new prudential framework for resolution of stressed assets and permitting onetime restructuring of existing loans to MSMEs classified as standard without a downgrade in Asset Classification. The INR remained volatile during second half of 2019-20 due to multiple factors including the high volatility in equity markets. Portfolio investment was severely impacted. Monetary transmission has been weakened in 2019 on account of rate structure, quantity of credit and term structure. The pass through of policy rate cut to the weighted average domestic term deposit rate on outstanding rupee deposit improved. RBI had reduced repo rates by five times in the year 2019 and reduced 135bps. During second half of 2019-20, liquidity management operations by the RBI were conducted in line with the revised liquidity management framework. Five long term repo operations(LTROs) were conducted during Feb - March, 2020 with a view to ensuring monetary transmission. Furthermore one targeted long term repo operations (TLTRO) was conducted in March to address the COVID-19 inducted pressure on financial conditions.In the Union Budget 2020-21 Finance Minister has announced to infuse about Rs. 3,50,000 Cr by way of capital into PSBs for growth purpose.

II. 2019-20 में बैंक का कार्यनिष्पादन :

1. यूको का कारोबार वितरण चैनल:

1.1 पारंपरिक नेटवर्क :

बैंक के पास भारत एवं विदेश में भौगोलिक दृष्टि से भलीभांति फैला शाखा नेटवर्क है। 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार बैंक के 42 अंचल एवं 3086 घरेलू शाखाएं तथा 2 विदेशी शाखाएं (सिंगापुर एवं हांग-कांग में एक-एक) हैं। तेहरान, ईरान में बैंक का प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित किया गया है जो 25.03.2017 से कार्य कर रहा है।

विगत 5वर्षों मे वैश्विक शाखा नेटवर्क इस प्रकार रहा :- (वैश्विक)

II. PERFORMANCE OF THE BANK DURING 2019-20:

1. UCO's Delivery Channels:

1.1 BRICK AND MORTAR NETWORK:

Bank has a geographically well-spread branch network in India and also has presence abroad. As of 31.03.2020, Bank has 42 Zones and 3086 domestic branches and 2 overseas branches (one each in Singapore and Hong-Kong). Bank's representative office has been established in Tehran, Iran which is functional w.e.f. 25.03.2017.

The Global branch network over 5 years is as under:- (Global)

	मार्च / March '16	मार्च / March '17	मार्च / March '18	मार्च / March '19	मार्च / March '20
शाखा/Branch	3077	3104	3108	3088	3088

1.2 शाखा एवं कार्यालय नेटवर्क:

31.03.2019 एवं 31.03.2020 को जनसंख्या श्रेणीवार देशी शाखाओं का वर्गीकरण नीचे दिया गया है:

1.2 BRANCHES & OFFICES NETWORK:

The population category-wise break-up of domestic branches as of 31.03.2019 & 31.03.2020 is given below:





देशी शाखाओं में 6 फ्लैगशिप कारपोरेट शाखाएं, 7 आस्ति प्रबंधन शाखाएं, 4 सेवा शाखाएं तथा 1 केंद्रीय प्रोसेसिंग केंद्र तथा 1 एकीकृत कोष प्रबंधन शाखा शामिल है। इसके अतिरिक्त, देशभर के विभिन्न केंद्रों की बड़ी शहरी शाखाओं से संबंधित 31 रिटेल लोन हब, 8 एसएमई हब, 72 मुद्रा तिजोरियां भी कार्य कर रही हैं।

2. कारोबार प्रोफाइल:

2.1. वैश्विक:

- दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार बैंक का वैश्विक कारोबार रु 3,08,165 करोड़ रहा और इसमें मार्च, 2019 के रु 3,17,480 करोड़ की तुलना में 2.93% की गिरावट दर्ज की गई।
- वैश्विक जमाराशि में 2.38% की गिरावट हुई और दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार यह रु 1,93,203 करोड़ हो गई। वैश्विक

The domestic branches include 6 Flagship corporate branches, 7 Asset Management branches, 4 service branches and 1 central processing centre, 1 integrated treasury branch. Further 31 Retail loan hubs, 8 SME hubs, 72 currency chests are also functioning across the country attached to the major city branches of various centres.

2. BUSINESS PROFILE:

2.1. GLOBAL:

- Global business of the Bank stood at Rs. 3,08,165 crore as of 31.03.2020 compared to Rs. 3,17,480 crore showing a decrease of 2.93% over March 2019.
- Global Deposits has decreased by 2.38% as of 31.03.2020 and stood at Rs. 1,93,203 crore. Global advances fell by 3.86%

अग्रिमों में 3.86% की कमी हुई और यह दिनांक 31.03.2019 के रु 1,19,573 करोड़ की तुलना में घटकर रु 1,14,961 करोड़ हो गई।

and stood at Rs. 1,14,961 crore compared to 1,19,573 crore as of 31.03.2019.



2.2. घरेलू :

- बैंक के समग्र देशी कारोबार में 3.40% की गिरावट हुई और दिनांक 31.03.2019 के रु 3,04,016.68 करोड़ से घटकर दिनांक 31.03.2020 को रु 2,93,665 करोड़ पर हो गया।
- कुल जमाराशि 2.12% की गिरावट के साथ रु 1,88,207.42 करोड़ हो गई।
- अग्रिम में 5.62% की गिरावट हुई तथा यह रु 1,11,738.53 करोड़ से घटकर रु 1,05,457.91 करोड़ हो गई।
- कासा जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष 11.53% की कमी के साथ रु 75,691 करोड़ हो गई, बचत बैंक जमाराशि में 7.23% की वृद्धि हुई और यह रु 63,606.72 करोड़ हो गई। चालू जमाराशि में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 53.93% की कमी हुई और यह दिनांक 31.03.2019 के रु 26,243.07 करोड़ से घटकर रु 12085 करोड़ हो गई।
- देशी जमाराशि में अल्प लागत वाली (कासा) का अंश दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के 44.50% से घटकर दिनांक 31.03.2020 की स्थिति को 40.22% हो गया।

2.2. DOMESTIC:

- Overall domestic business of the Bank has decreased by 3.40% and stood at Rs. 2,93,665 crore as on 31.03.2020 from Rs. 3,04,016.68 as on 31.03.2019.
- Total deposits decreased by 2.12% and stood at Rs. 1,88,207.42 crore.
- Advances shown a downward growth of 5.62% from Rs. 1,11,738.53 crore to Rs. 1,05,457.91 crore.
- CASA deposits decreased by 11.53% on Y-O-Y and stood at Rs. 75,691 crore, SB deposits grew by 7.23% and stood at Rs. 63,606.72 crore. Current deposits stood at Rs. 12085 crore compared to Rs. 26243.07 crore as of 31.03.2019, showing a fall of 53.93% on Y-O-Y basis.
- Share of low cost deposits (CASA), in domestic deposits declinedfrom 44.50% as of 31.03.2019 to 40.22% as of 31.03.2020.



2.3 वित्तीय कार्यनिष्पादन

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक को रु. 2437 करोड़ की हानि हुई जबकि वित्तीय वर्ष 2018-19 में रु. 4321 करोड़ की हानि हुई थी। वित्तीय वर्ष 2020 में हानि कम हुई है और मार्च,2020 तिमाही में बैंक ने 16.78 करोड़ ता लाभ अर्जित किया है। परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष

2.3 FINANCIAL PERFORMANCE

Bank has incurred loss of Rs 2437 crore during FY 2020 as compared to Rs.4321 crore in FY 2019. The loss during FY 2020 is decreased and Bank has earned Net Profit of Rs. 16.78 Crore during the quarter ended March 2020. Operating Profit for FY

2019 में रु. 2760/- करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020 में बढ़कर रु.4836/- करोड़ हो गया जो 75.22 की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2020 के दैरान कुल आय में 13.64% की वृद्धि दर्ज की गईजो वित्तीय वर्ष 2019 के रु. 15844 करोड़ से बढकर रु. 18006 करोड़ हो गई। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020 में रु. 7081 करोड़ का प्रावधान किया जो वित्तीय वर्ष 2019 में रु. 7272 करोड़ था। जमारशियों में लागत वित्तीय वर्ष 2019 के 5.07% से घटकर वित्तीय वर्ष 2020 में 4.90% हो गई। शुद्ध ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2019 में रु.4311 से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2020 में रु. 5092 करोड़ हो गई। मार्च 2020 को बासेल ।।। के तहत पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 11.70% रहा। वित्तीय वर्ष 2020 के दैरान भारत सरकार ने रु.4272 करोड़ की पूंजी प्रदान की जिससे भारत सरकार का स्वामित्व 31.03.2020 को 94.44% हो गया।

3. कोष एवं अंतरराष्ट्रीय

वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक के निवेश में 11.05% की वृद्धि हुई और यह दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के रु 80622 करोड़ से बढ़कर दिनांक 31.03.2020 को रु 89532 करोड़ हो गया। ऐसा पुनर्पूंजीकरण बांड के आबंटन और सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के कारण हुआ।

बैंक के एसएलआर निवेश में 6.48% की वृद्धि हुई जो दिनांक 31.03.2019 की स्थितिके रु 56834 करोड़से बढ़कर दिनांक 31.03.2020 को रु 60520 करोड़ हो गया। ऐसा मुख्य रूप से उच्च प्रतिफल वाली सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के कारण हुआ। गर-एसएलआर निवेश (देशी) में 21.96% की वृद्धि हुई जो दिनांक 31.03.2019 के रु 23788 करोड़ से दिनांक 31.03.2020 को रु 29011 करोड़ हो गया। ऐसा मुख्य रूप से भारत सरकार द्वारा रु 4272 करोड़ के पुनर्पूंजीकरण बांड आबंटित किए जाने के कारण हुआ।

वर्ष 2018-19 के दौरान रु 6252.47 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने निवेशों के विक्रय से प्राप्त आय सहित कोष परिचालनों से रु 7762.28 करोड़ की आय अर्जित की जिससे वर्ष-दर-वर्ष आधार पर कोष आय में 24.15% की वृद्धि दर्ज की गई। ऐसा निवेशों से प्राप्त आय तथा निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ के कारण हुआ।

वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने देशी निवेशों से प्राप्त ब्याज आय में 10.99% की वृद्धि दर्ज की जो दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के रु 5294.21 करोड़ की तुलना में दिनांक 31.03.2020 की स्थिति को रु 5876.19 करोड़ हो गई जिससे वर्ष-दर-वर्ष आधार पर रु 581.98 करोड़ की संवृद्धि दर्ज की गई जो देशी निवेश पोर्टफोलियो में वृद्धि होने के कारण हुआ।

3.1 विदेशी कारोबार

विदेशी केन्द्रों का कुल व्यवसाय 7.69% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 31.03.2019 तक के रु. 13,463 करोड़ से बढ़कर 31.03.2020 तक रु.14,499 करोड़ हो गया है। बैंक का विदेशी जमा मार्च, 2019 के रु.5,629 करोड़ की तुलना में घटकर मार्च, 2020 की समाप्ति में रु.4,996 करोड़ हो गया है। वर्ष-दर-वर्ष 21.30% की वृद्धि दर्ज करते हुए अग्रिम मार्च, 2019 के रु.7,834 करोड़ की तुलना में बढ़कर मार्च, 2020 में रु.9,503 करोड़ हो गया है।

भारत भर में स्थित 67 बी-श्रेणी की शाखाओं के साथ हमारा बैंक सक्रिय रूप से निर्यातकों/आयातकों तथा अनिवासी भारतीयों की सभी जरूरतें पूरी करने के लिए कटिबद्ध है। दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक का कुल मर्चेंट कारोबार आइएनआर 39,319.11 करोड़ रहा।

फरवरी, 2012 से हामरा बैंक भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक की अनिवार्यता के अनुसार "रुपया भुगतान प्रणाली" के अंतर्गत ईरान के साथ द्विपक्षीय बैंकिंग व्यापार लेन-देन सुलभ करा रहा है जिससे भारतीय निर्यातकों को ईरान को अनुमत वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में सुविधा होती है।

4. सामाजिक बैंकिंग

4.1 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को अग्रिम:

बैंक कुछ वर्षों से प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को उधार देने में महत्वपूर्ण कार्य प्रदर्शित करता रहा है और अपनी ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी शाखाओं के विशाल नेटवर्क

2020 is Rs 4836 crore as against Rs 2760 crore during FY 2019, thereby reflecting an increase of 75.22% . During the year FY 2020 total income registered a growth of 13.64 % from Rs15844 crore in FY 2019 to Rs 18006 crore in FY 2020. During the year Bank made provision of Rs 7272 crore against Rs. 7081 crore in FY 2019. Cost of deposits has decreased from 5.07 % in FY 2019 to 4.90 % in FY 2020. Net interest income increased to Rs.5092 crore in FY 2020 from Rs.4311 crore in FY 2019. Capital Adequacy Ratio (CAR) under Basel III stood at 11.70% as on March 2020. Govt. of India infused Capital to the tune of Rs. 4272 crore during the FY 2020 and GOI holding stood at 94.44% as on 31.03.2020.

3. TREASURY & INTERNATIONAL

Domestic Investment of the Bank during the year 2019-20 increased by 11.05% from Rs 80622 crore as on 31.03.2019 to Rs 89532 crore as on 31.03.2020 largely due to allotment of recapitalization bond and purchase of Government securities.

The SLR investment of the Bank increased by 6.48% from Rs 56834 crore as on 31.03.2019 to Rs 60520 crore as on 31.03.2020 mainly due to purchase of high yielding Govt. Securities. The Non-SLR Investment (Domestic) grew by 21.96% from Rs 23788 crore as on 31.03.2019 to Rs 29011 crore as on 31.03.2020 mainly due to allotment of recapitalization bond from GoI amounting to Rs 4272 crore.

During the year 2019-20, the bank has earned income from Treasury operations including profit from sale of investments amounting to Rs 7762.28 crore vis-a`- vis Rs. 6252.47 crore during the year 2018-19, thereby registering a 24.15% increase in treasury income y-o-y basis mainly due to higher interest income from investments and profit from sale of investments.

During the Year 2019-20, the bank has registered a growth of 10.99 % in interest income from domestic investments which stands at Rs. 5876.19 crore as on 31.03.2020 as compared to Rs. 5294.21 crore as on 31.03.19 thereby registering a growth of Rs. 581.98 crore on y-o-y basis mainly due to increase in domestic investment portfolio.

3.1 International Business

Total Business of overseas centers as of 31.03.2020 increased to Rs 14,499 crore from Rs. 13,463 crore as on 31.03.2019 showing a Y-o-Y growth of 7.69%. Overseas Deposit of the Bank declined to Rs. 4,996 crore at the end of March 2020 as compared to Rs. 5,629 Crore in March 2019. Advances increased to Rs. 9,503 Crore in March 20 from Rs. 7,834 Crore in March 2019 witha y-o-y growth of 21.30%.

Our Bank with 67 B-category Branches across India is committed to actively cater to the needs of Exporters / Importers Community and also serve the NRI Customers. The Total Merchant Turnover of the Bank during the Financial Year ended on 31stMarch, 2020 stood at Rs. 39,319.11 crore.

Our Bank has also been facilitating Bi-lateral Banking Trade transaction with Iran under "Rupee Payment Mechanism" since Feb, 2012 as mandated by Govt. of India /RBI, thereby facilitating Indian Exporters, exporting permissible goods and services to Iran.

4. SOCIAL BANKING

4.1 Priority Sector Advances:

The Bank has been showing significant performance in lending to Priority Sector over the years and has been effectively servicing

द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र को प्रभावी ढ़ंग से सेवाएं देता रहा है। दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार बैंक द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिया गया अग्रिम रु 57035 करोड़ था जो समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) का 42.63% था।

4.1.1 कृषि को अग्रिम :

बैंक का कुल कृषि अग्रिम रु 23,652 करोड़ रहा जो एएनबीसी का 17.68% है।

4.1.2 कमजोर वर्गों को अग्रिम:

दिनांक 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कमजोर वर्गों को प्रदान किया गया ऋण रु 15,796 करोड़ रहा जो एएनबीसी का 11.80% है।

4.1.3 अल्पसंख्यक समुदाय को ऋण:

दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार बैंक का कुल अल्पसंख्यक समुदाय ऋण रु 7605 करोड़ रहा जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम ऋण का 31.33% है।

5 विकास के लिए पहल :

मिशन 10000: बैंक ने मिशन मोड के अंतर्गत 10000 स्वयं सहायता समूहों को वित्त प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। दिनांक 31 मार्च, 2020 को बैंक ने इस लक्ष्य को पार करते हुए 15690 स्वयं सहायता समूहों को रु 380 करोड़ का वित्त प्रदान किया। हमारे बैंक को एसआरएलएम, पश्चिम बंगाल सरकार से वर्ष 2019-20 के लिए स्वयं सहायता समूह को वित्त प्रदान करने में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए पुरस्कार मिला है।

प्रधान मंत्री किसान सेचुरेशन: बैंक ने सरकार के कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के लिए सक्रिय उपाय किए हैं। दिनांक 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत 187980 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 123609 हिताधिकारियों को तुरंत सैद्धांतिक संस्वीकृति दी गई तथा शेष पात्र आवेदनों पर बाद में कार्रवाई की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2020-2021 के लिए ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष में निधि जमा नहीं करने का संकल्प: बैंक को विगत वित्तीय वर्ष के दौरान कृषि को ऋण प्रदान करने के लक्ष्य में कमी के कारण ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष में निधि रखना है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कृषि को ऋण प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के कारण बैंक को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष में निधि जमा करने की आवश्यकता नहीं है। अत: वित्तीय वर्ष 2020-21 में ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष में निधि जमा नहीं करने के संकल्प को प्राप्त कर लिया गया है।

ब्याज अनुदान की केंद्रीकृत प्रक्रिया: बैंक ने ब्याज अनुदान की केंद्रीकृत प्रक्रिया के उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसे दिनांक 31 मार्च, 2020 से सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जा चुका है।

किसान केडिट कार्ड के अंतर्गत पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए वित्त प्रदान करना: बैंक ने सरकार के दिशानिर्देशों को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है तथा किसान केडिट कार्ड के अंतर्गत पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए वित्त प्रदान करने हेतु योजना तैयार की है।

6. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (क्षेग्राबैंक)

यूको बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेग्राबैंक का नाम पश्चिम बंग ग्रामीण बैंक है जिसका मुख्यालय हावड़ा, पश्चिम बंगाल में है तथा दिनांक 31.03.2020 को इसके चार क्षेत्रीय कार्यालय और 230 शाखाएं हैं।

6.1 क्षेग्राबैंक की पूंजी की स्थिति:

दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार पश्चिम बंग ग्रामीण बैंक की कुल पूंजी संरचना इस प्रकार है: रु 154.51 करोड़ (भारत सरकार), रु 108.16 करोड़ (यूको) एवं रु 46.35 करोड़ (पश्चिम बंगाल राज्य सरकार)

the priority sector and agriculture sector with its vast network of rural and semi-urban branches.

As on 31.03.2020, the Priority Sector Advances of the Bank stood at Rs. 57,035 Crore constituting 42.63 % of Adjusted Net Bank Credit (ANBC)

4.1.1 Agriculture Advances:

Total Agriculture Advances of the Bank stood at Rs. 23,652 Crore constituting 17.68 % of ANBC.

4.1.2 Advances to Weaker Sections:

Advances to Weaker Section stood at Rs. 15,796 Crore as of 31st March 2020 consisting 11.80% of ANBC.

4.1.3 Minority Community Advances:

Total Minority Community Advances of the Bank as on 31.03.2020 stood at Rs.7605 crore constituting 13.33% of Priority Sector Advances.

5. INITIATIVES FOR GROWTH:

MISSION 10000 : Bank had set a target to finance 10000 Self Help Groups under Mission mode. As of 31st March 2020, Bank was able to surpass the target and financed to 15,690 SHGs amounting Rs.380 crore. Bank has received award for outstanding performance in financing SHG for the year 2019-20 from SRLM, Govt. of West Bengal.

PM Kisan Saturation: Bank had taken proactive measures for successful implementation of the programme of the Government. As of 31st March 2020, 1,87,980 applications were received under the said programme, out of which 1,23,609 beneficiaries had been given in principle sanction immediately and rest eligible applications will be processed subsequently.

Sankalp for No RIDF for the Financial Year 2020-2021: Bank is required to park fund with RIDF for the amount of shortfall in achievement of agriculture Credit target during the preceding financial year.Bank through its achievement in agriculture credit target during the FY 2019-20, is not required to park fund with RIDF for the FY 2020-21. Hence, the Sankalp for no RIDF in FY 20-21 was fulfilled.

Centralised processing of Interest Subvention: Bank has achieved its objective of centralised processing of interest subvention, which has been successfully implemented wef. 31st March 2020.

Financing Animal Husbandry and Fishery under KCC: Bank has successfully implemented the direction from Government and formulated a scheme for financing Animal Husbandry and Fishery under KCC.

6. REGIONAL RURAL BANKS (RRBs)

UCO Bank sponsored RRB namely, Paschim Banga Gramin Bank (PBGB) is head quartered at Howrah, West Bengal with four regional offices and 230 branches as on 31.03.2020.

6.1 Capital position of RRB:

The total capital of PaschimBangaGramin Bank as on 31.03.2020 stood at Rs. 309.02 crore comprising Rs.154.51 crore (Govt. of India), Rs.108.16 crore (UCO Bank) & Rs.46.35 crore (West Bengal State Govt.).

2019-20 के दौरान क्षेग्राबैंक का कार्यनिष्पादन

6.1.1 पश्चिम बंग ग्रामीण बैंक:

गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के अनुसार दिनांक 31.03.2020 की स्थिति को पश्चिम बंग ग्रामीण बैंक की कुल जमाराशि रु 5531.74 करोड़ रही जो 6.76 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। 7.86 प्रतिशत की वार्षिक संवृद्धि के साथ दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार कुल अग्रिम रु 2954.88 करोड़ तक पहुंच गया। दिनांक 31.03.2020 को सीडी अनुपात 53.42% था जबकि दिनांक 31.03.2019 को सीडी अनुपात 52.87% था।

दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार रु 373.45 करोड़ के मुकाबले दिनांक 31.03.2020 को सकल अनर्जक आस्ति रु 422.76 करोड़ रही। दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार सकल अग्रिम की तुलना में सकल अनर्जक आस्ति 14.31% रही जो दिनांक 31.03.2019 की स्थिति को 13.76% थी। दिनांक 31.03.2020 को क्षेग्राबैंक का शुद्ध अनर्जक आस्ति अनुपात 9.28% रहा जो दिनांक 31.03.2019 को 9.50% था।

पश्चिम बंग ग्रामीण बैंक ने दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार अर्जित रु 92.25 करोड़ के परिचालन लाभ की तुलना में 27.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए दिनांक 31.03.2020 को रु 117.58 करोड़ का परिचालन लाभ अर्जित किया।

पश्चिम बंग ग्रामीण बैंक को दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार रु 6.79 करोड़ शुद्ध लाभ की तुलना में दिनांक 31.03.2020 को रु 36.54 करोड़ की शुद्ध हानि हुई तथा इस तरह दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार रु 101.17 करोड़ की संचित हानि दिनांक 31.03.2020 को बढ़कर 137.71 करोड़ हो गई।

6.2 कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बैंक ने कई कार्यक्रम बनाए हैं/पहल की है। इनमें से कुछ कार्यक्रम/पहल निम्नलिखित हैं:

ए) हमारे बैंक ने असम, बिहार, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में 27 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खोले हैं। ये 27 संस्थान समर्पित बुनियादी संरचना के साथ ग्रामीण युवकों को प्रशिक्षित करने तथा उनके कौशल का विकास करने एवं उनकी बेरोजगारी और अल्प रोजगारी की समस्या को कम करने के प्रति समर्पित हैं। ग्रामीण युवकों में उद्यमिता कौशल के विकास के लिए समर्पित प्रशिक्षण संस्थाएं स्थापित करने हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय की पहल के रूप में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ये संस्थान स्थापित किए गए हैं। इन आर-सेटी में प्रशिक्षित सभी 16436 अभ्यर्थियों और 6295 हिताधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2019-20 में रु 96.31 करोड़ ऋण सहबद्धता मुहैया कराई गई है। वर्ष 2019-20 के दौरान तीन (3) नवनिर्मित आरसेटी भवनों का उद्घाटन किया गया तथा ग्रामीण प्रशिक्षण संचालित करने के लिए इन्हें जिले की जनता को समर्पित किया गया।

ख) वित्तीय एवं सामाजिक हस्तक्षेप द्वारा गरीबी रेखा से नीचे रहनेवाले परिवारों के उत्थान के लिए तथा अंगीकृत ग्रामों के समग्र विकास के लिए यूको उत्थान योजना के अंतर्गत बैंक ने अपने 19 अंचलों की 26 यूको शाखाओं के अंतर्गत 31 ग्रामों को अंगीकृत किया है।

ग) भारतीय रिजर्व बैंक की पहल पर बैंक ने ओडिशा के भद्रक और ढेंकानाल जिलों में 10 ब्लॉकों, 5 भद्रक में एवं 5 ढेंकानाल में, 10 सीएफएल (वित्तीय साक्षरता केंद्र) स्थापित किए हैं। इन वित्तीय साक्षरता केंद्रों का परिचालन व्यय बैंक और नाबार्ड 40:60 के अनुपात में वहन करते हैं।

Performance of RRBs during 2019-20

6.1.1 Paschim Banga Gramin Bank:

As per unaudited financial results, total deposit of Paschim Banga Gramin Bank stood at Rs.5, 531.74 crore as on 31.03.2020, registering growth of 6.76 %. Total advance reached a level of Rs.2,954.88 crore with an annual growth of 7.86 % as on 31.03.2020. CD ratio stood at 53.42% on 31.03.2020 as against 52.87% on 31.03.2019.

The gross NPA stood at Rs.422.76 crore as on 31.03.2020 vis-a-vis Rs.373.45 crore as on 31.03.2019. Gross NPA to Gross Advance stood at 14.31% as on 31.03.2020 as against 13.76% as of 31.03.2019. The net NPA ratio of the RRB stood at 9.28% as on 31.03.2020 as against 9.50% as of 31.03.2019.

Paschim Banga Gramin Bank has earned an operating profit of Rs.117.58 crore as on 31.03.2020 as compared to Rs.92.25 crore as on 31.03.19, registering growth of 27.46 %

Paschim Banga Gramin Bank has recorded a net loss of Rs.36.54 crore as on 31.03.2020 as compared to net profit of Rs.6.79 crore as on 31.03.19, thereby increasing accumulated loss from Rs. 101.17 crore as on 31.03.2019 to Rs. 137.71 crore as on 31.03.2020.

6.2 Corporate Social Responsibility

Bank has taken several programmes/initiatives as a part of Corporate Social Responsibility. Few of these programmes/ initiatives are as under:

a) Our Bank has set up 27 Rural Self Employment Training Institutes in 7 states namely Assam, Bihar, Himachal Pradesh, Odisha, Punjab, Rajasthan and West Bengal. These 27 institutes with dedicated infrastructure are devoted to impart training and skill up gradation and to mitigate the unemployment and under employment problems of rural youths. These institutes are set up by the Bank as a part of initiative taken up by the Ministry of Rural Development to establish dedicated training Institutions for development of entrepreneurship skills in rural youth, under Corporate Social Responsibility (CSR). All RSETIs trained 16436 candidates and 6295 beneficiaries have been provided Credit Linkage of Rs.96.31 Crore during the Financial Year 2019-20. During the year 2019-20, three (3) newly constructed RSETI Buildings were inaugurated and dedicated to the people of the district for conducting Rural training.

b) Bank under UCO Utthan Scheme has adopted 31 villages falling under 26 UCO Branches in 19 Zones of the Bank for upliftment of BPL families and all-round development of adopted villages with financial & social intervention.

c) Under the initiative of Reserve Bank of India, Bank has set up 10 CFLs (Centres for Financial Literacy) in 10 Blocks, 5 each in Bhadrak and Dhenkanal district of Odisha. The Bank and NABARD bear the cost of operationalisation of these CFLs in 40:60 ratios.

घ) पूरे देश में बैंक के 34 वित्तीय साक्षरता केंद्र हैं और वित्तीय साक्षरता अभियान के आयोजन के लिए बैंक ने 29 वित्तीय साक्षरता परामर्शदाताओं की भर्ती की है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान वित्तीय साक्षरता परामर्शदाताओं ने 3655 वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया और इसके द्वारा 203772 प्रतिभागियों में वित्तीय साक्षरता फैलाई।

ड.) नाबार्ड की पहल पर जनसंख्या के विभिन्न लक्ष्य समूहों में वित्तीय साक्षरता जागरूकता लाने हेतु हमारे बैंक की सभी ग्रामीण शाखाओं में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम (एफएलएपी) शुरुकिए गए हैं। डिजिटल साक्षरता और ई-लेनदेन करते समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। हमारे बैंक की 1075 ग्रामीण शाखाओं में 7362 वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा इन कार्यक्रमों में हमारे बैंक ने रु 0.49 करोड़ व्यय किए।

7. वित्तीय समावेशन

7.1 प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)

बैंक रहित/कम बैंक सुविधावाले क्षेत्रों में समावेशी बैंकिंग सुविधा मुहैया कराने हेतु पूरे देश में बैंक को 16225 ग्राम आबंटित किए गए हैं। वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेशों के अनुरूप इन ग्रामों को 4066 उप सेवा क्षेत्र (एसएसए) में वर्गीकृत किया गया है। सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करनेऔर समग्र आबादी को सुनियोजित बैंकिंग सुविधा के दायरे में लाने के लिए इन 4066 उप सेवा क्षेत्रों में से 3600 उप सेवा क्षेत्र बीसी एजेंटों द्वारा टियर 5 ग्रामों (5000 से अधिक आबादी वाले) के बाकी 466 उप सेवा क्षेत्र शाखाओं द्वारा कवर किए जाते हैं। इन आबंटित उप सेवा क्षेत्रों में बैंक ने 3568 बैंक मित्र नियोजित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बीसी एजेंटों द्वारा व्यवहृत माइक्रो एटीएम के माध्यम से रु 8969.52 करोड़ के कुल 231.10 लाख लेनदेन किए गए और इस तरह प्रत्येक माह औसतन रु 747.46 करोड़ के लगभग 19.26 लाख लेनदेन किए गए।

मार्च, 2020 के अंत तक बैंक के 85.75 पीएमजेडीवाई खातों में रु 2833.98 करोड़ जमा थे और प्रत्येक खाते की औसत जमाराशि रु 3304.58 थी। हमने पात्र पीएमजेडीवाई खातेदारों को लगभग 20.21 लाख रुपे कार्ड वितरित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बीसी एजेंटों द्वारा प्रयुक्त माइक्रो एटीएम पर रुपे कार्ड के माध्यम से 2.14 लाख औसत लेन-देन किए गए जिनकी कुल राशि रु 110.90 करोड़ थी।

7.2 आधार को सीड किया जाना तथा उसका सत्यापन

पुनरीक्षित दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी पहचान के लिए ग्राहक द्वारा ऐच्छिक रूप से आधार दिया जा सकता है। विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आधार की जरूरत पड़ती है। 31 मार्च 2020 तक 86.08% सक्रिय कासा खातों में आधार सीड किए गए हैं तथा 52.22% सक्रिय कासा खातों में आधार प्रमाणन कर दिया गया है। आधार पर आधारित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सेवा के माध्यम से रु 8343.87 करोड़ की राशि का अंतरण हिताधिकारियों के खाते में किया गया है।

7.3 आधार इनरोलमेंट केंद्र

यूआईडीएआई के दिशा निर्देशों के अनुसार हमारे बैंक में अब तक 300 आधार इनरोलमेंट केंद्र स्थापित किए गए हैं जो 10% शाखाओं को कवर करते हैं। अभी तक 1245 स्टाफ सदस्यों ने (परिचालक तथा पर्यवेक्षक) की सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की है और 1245 यूजर आईडी हमारे बैंक में सक्रिय किए गए हैं। अभी बैंक प्रति सेंटर प्रतिदिन आठ इनरोलमेंट / अपडेशन कर रहा है।

d) Bank has 34 Financial Literacy Centres across the country and has recruited 29 Financial Literacy Counsellors for conducting Financial Literacy Camps. During Financial Year 2019-20, the Financial Literacy Counsellors have conducted 3655 Financial Literacy Camps thereby spreading Financial Awareness to 203772 participants.

e) Under the initiative of NABARD, Financial Literacy Awareness Programme (FLAP) has been initiated in all Rural Branches of our Bank for imparting financial literacy awareness for different target segments of population. Programmes were on digital literacy and safety measures to be adopted while doing e-transaction. Our Bank has 1075 Rural Branches where 7362 FLAPs were organized with contribution from our Bank in these programmes amounting Rs.0.49 Crore .

7. FINANCIAL INCLUSION

7.1 PradhanMantri Jan DhanYojna (PMJDY)

Bank has been allotted with 16225 villages across the country to provide inclusive Banking Facility in unbanked / under banked areas. In line with DFS directives these villages were categorized into 4066 Sub Service Area (SSA). Out of these 4066 SSAs, 3600 SSAs are covered though BC agents and remaining 466 SSAs in tier 5 villages (Population above 5000) are covered through Branches for ensuring universal Financial Inclusion and to bring the entire population under ambit of structured Banking facility. Bank has deployed 3568 Bank Mitras in these allotted SSAs. During the FY 2019-20 total 231.10 lacs transactions amounting Rs.8969.52 crore averaging every month about 19.26 lacs transactions amounting Rs.747.46 crore carried out through Micro ATMs used by BC Agents.

By end of March 2020, Bank has Rs. 2833.98 Crore deposits in 85.75 lacs PMJDY Accounts with average balance of Rs. 3304.58. Bank has distributed around 20.21 lacs RuPay Cards to the eligible PMJDY account holders. During the FY 2019-20 average transactions to the order of 2.14 lacs took place through Rupay Cards on Micro ATMs used by BC agents amounting to Rs.110.90 Crore.in aggregate.

7.2 Aadhaar Seeding & Authentication

As per revised guidelines Aadhaar can be given voluntarily as identity proof for opening customer accounts. Aadhaar is required for availing benefits under various welfare schemes. By 31st March 2020, around 86.08% operative saving accounts have been seeded with Aadhaar number and Aadhaar authentication has been done in 52.22% of operative saving accounts. Aadhaar based Direct Benefit Transfer worth Rs 8343.87 crore was transferred to the accounts of beneficiaries.

7.3 Aadhaar Enrolment Centre

The bank has a dedicated customer service cell to be available to customers, when they are in need. The bank has a robust Grievance Redressal mechanism for customers.To facilitate timely and efficient disposal of customer complaints, the bank has an integrated Grievances Redressal system called the "Standardized Public grievance Redressal system" (SPGRS). Bank has dedicated team of people who are expediting complaint resolution through their dedicated efforts.

सिद्धांत-वार प्रदर्शन का जवाब: :/ Response to principle-wise performance:

वित्तीय वर्ष के अंत तक ग्राहकों की शिकायतें / उपभोक्ता मामले कितने प्रतिशत लंबित हैं। What percentage of customer complaints/consumer cases are pending as on the end of financial year.	केवल 571 यानी 2% ग्राहक शिकायतें वित्त वर्ष 2019-20 में लंबित हैं। Only 571 i.e.2% of customer complaints are pending for FY 2019-20.
क्या कंपनी स्थानीय कानूनों की अपेक्षाओं के अतिरिक्त, उत्पादों के लेबलों पर उत्पाद की जानकारी, प्रदर्शित करती है? हां / नहीं / लागू नहीं/ मंतव्य (अतिरिक्त जानकारी)। Does the company display product information on the product label, over and above what is mandated as per local laws? Yes/No/NA/Remarks (additional information).	लागू नहीं / Not Applicable
क्या कंपनी के खिलाफ किसी भी हितधारक द्वारा अनुचित व्यापार व्यवहार, गैर-जिम्मेदाराना विज्ञापन और / या पिछले पांच वर्षो के दौरान प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार और वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित होने का कोई मामला दर्ज किया गया है। यदि हां, तो इसके बारे में लगभग 50 शब्दों में विवरण दें। Is there any case filed by any stakeholder against the company regarding unfair trade practices, irresponsible advertising and/ or anti-competitive behaviour during the last five years and pending as on end of financial year. If so, provide details thereof, in about 50 words or so.	शून्य / Nil
क्या आपकी कंपनी ने कोई उपभोक्ता सर्वेक्षण / उपभोक्ता संतुष्टि रुझान सर्वेक्षण कराया है? Did your company carry out any consumer survey/consumer satisfaction trends?	ऑनलाइन ग्राहक प्रतिक्रिया पेज के माध्यम से और प्रत्यक्ष संपर्क द्वारा बैंक ग्राहकों की संतुष्टि के विषय में निरंतर प्रतिक्रिया प्राप्त करता रहता है। Bank obtains feedback on continuous basis about customer's satisfaction through online customer feedback page and by direct interaction.

कॉर्पोरेट अभिशासन से संबंधित रिपोर्ट

1. बैंक का कॉर्पोरेट अभिशासन दर्शन :

यूको बैंक कॉर्पोरेट अभिशासन प्रथाओं के क्षेत्र में सर्वोत्तम पद्धति के लिए अक्षरशः प्रतिबद्ध है। सर्वोत्तम कॉर्पोरेट अभिशासन प्रथाओं का पालन करना बैंक के कार्यों का एक अभिन्न हिस्सा है। बैंक का मानना है कि अच्छा कॉर्पोरेट अभिशासन अधिक से अधिक सांविधिक और नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन से है। सुशासन उच्च स्तर का व्यावसायिक सदाचार प्रदान करता है और बड़े पैमाने पर अपने सभी हितधारकों और समाज को अत्यधिक महत्व देता है।

यूको बैंक का कार्पोरेट अभिशासन दर्शन उसके कार्य में निहित उच्च-स्तरीय नैतिक मूल्यों को बनाए रखना है। बैंक की कार्पोरेट अभिशासन नीतियां पारदर्शिता एवं व्यावसायिकता के महत्वपूर्ण मूल्यों पर केंद्रित हैं। बैंक अपने सभी हितधारकों एवं समाज को अधिकतम महत्व देने हेतु कार्पोरेट अभिशासन को और अधिक समृद्ध करने के लिए अपनी सर्वोत्तम पद्धति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के प्रति लगातार प्रयासरत है।

2. निदेशक मंडल

निदेशक मंडल का गठन बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और विविध उपबंध) योजना 1970 के उपबंधों द्वारा शासित होता है। कार्पोरेट अभिशासन संबंधी आवश्यकताओं को, जैसा कि सेबी (सूचीबद्ध दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्कताएं) विनियम, 2015 में दिया गया है, इन संविधियों के साथ पढ़ा जाए।

बैंकिंग कंपनी (अर्जन और उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम 1970 के अनुसार धारा 9 (3ए) (ए) के अंतर्गत खंड एच के अंतर्गत नामित निदेशकों तथा बैंकिंग कंपनी (अर्जन और उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) के क्लाज (आई) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित निदेशकों को निम्न में से किसी एक या एक से अधिक क्षेत्र का विशेष ज्ञान एवं व्यावहारिक क्षेत्र का अनुभव रहना चाहिए (i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था (ii) बैंकिंग (iii) सहकारी क्षेत्र (iv) अर्थशास्त्र (v) वित्त (vi) विधि (vii) लघु उद्योग या विशेष ज्ञान का कोई और क्षेत्र और व्यावहारिक अनुभव जिसे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए आवश्यक समझे।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने परिपत्र संख्या डीबीआर. एपीपीटी. बीसी. संख्या 38/29.39.001/ 2016-17 दिनांक 24.11.2016 द्वारा अधिसूचित किया है कि (i) सूचना प्रौद्योगिकी (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली (iii) मानव संसाधन (iv) जोखिम प्रबंधन एवं (v) व्यापार प्रबंधन को बैंकिंग के लिए विशेष ज्ञान तथा व्यावहारिक अनुभव के क्षेत्र में उपयोगी समझा जाय।

बैंक के निदेशक अनुभवी हैं तथा उन्हें बैंक को उपयुक्त दिशा प्रदान करने एवं बैंक की कार्यप्रणाली पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु बैंकिंग, वित्त और प्रबंधन आदि के क्षेत्र में आवश्यक विशेषज्ञता हासिल है।

2.1. प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी और दो कार्यपालक निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त पूर्णकालिक निदेशक हैं जबकि अन्य निदेशकों को बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम

REPORT ON CORPORATE GOVERNANCE

1. Corporate Governance Philosophy of the Bank:

UCO Bank is committed to the best practices in the area of corporate governance practices, in letter and in spirit. Adherence to best corporate governance practices is an integral part of Bank's operations. Bank believes that good corporate governance is much more than complying with statutory and regulatory requirements. Good governance facilitates high level of business ethics and to optimise the value for all its stakeholders and the society, at large.

UCO Bank's Corporate Governance Philosophy is to maintain high standards of ethical practices in conduct of its business. The Bank's Corporate Governance policies are woven around the core values of transparency and professionalism. The Bank constantly endeavours to ensure implementation of best practices aimed at enhancing the corporate governance that optimize the value for all its stakeholders and the society, at large.

2 Board of Directors

The constitution of the Board of Directors is governed by the provisions of the Banking Regulation Act 1949, Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act 1970, Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme 1970. The requirements of Corporate Governance as envisaged in the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are to be read along with these statutes.

In terms of Section 9 (3A) (A) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, the directors nominated under Clause (h) and elected by the shareholders under Clause (i) of Section 9(3) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, shall have special knowledge or practical experience in respect of one or more of the following matters namely: (i) agricultural and rural economy, (ii) banking,(iii)co-operative, (iv) economics,(v) finance, (vi) law, (vii) small scale industry, or any other matter the special knowledge of, and practical experience in, which would, in the opinion of the Reserve Bank, be useful to the bank.

Reserve Bank of India vide its circular No. DBR.Appt.BC.No.38/ 29.39.001/2016-17 dated 24.11.2016 notified that special knowledge or practical experience in matters or areas relating to (i) Information Technology (ii) Payment & Settlement Systems (iii) Human Resources (iv) Risk Management and (v) Business Management would be useful to a banking company.

The Directors of the Bank are experienced and have requisite expertise in the fields of banking, finance and risk management so as to provide appropriate directions and exercise effective control in the functioning of the Bank.

2.1 Managing Director & Chief Executive Officer and two Executive Directors are the whole time directors appointed by the Govt. of India while the other directors are appointed/

1970 की (जिसे इसमें इसके पश्चात अधिनियम कहा गया है) 9(3) (क) से 9 (3) (ज) तक की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत नियुक्त /नामांकित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, उक्त अधिनियम की धारा 9(3) (झ) के अधीन शेयरधारक अपने में से एक निदेशक का निर्वाचन (केन्द्र सरकार से भिन्न) कर सकते हैं।

nominated under various sections viz., 9(3) (a) to 9(3) (h) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act 1970 (hereinafter referred as Act). Besides, under Section 9(3) (i) of the said Act, the shareholders of the Bank are entitled to elect one director (other than the Central Government) from among themselves.

2.2 दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार निदेशक मंडल का संघटन :

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम,1970 के उपबंधों के अनुसार निदेशक मंडल का गठन किया गया है। प्रत्येक निदेशक का विवरण, निदेशक मंडल की अन्य समितियाँ जिनमें वे सदस्य या अध्यक्ष हैं और अन्य कंपनियों में अध्यक्ष या निदेशक होने तथा बैंक में हितधारिता की जानकारी नीचे प्रस्तुत की जा रही है:

2.2 Composition of the Board of Directors as on 31.03.2020:

The Board is constituted in accordance with the provisions of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970. The details of each Director, no. of various Board Committees where he/she is a member or Chairperson, directorship of other companies and shareholding in the Bank are as follows:

क्रम सं. Sl. No.	निदेशक का नाम एवं पदनाम Name & Designation of the Director	पदभार ग्रहण करने की तारीख Date of assuming office	दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार धारित यूको बैंक शेयर No. of UCO Bank shares held as on 31.03.2020	बैंक की समितियों में सदस्यता की संख्या No. of membership in Committees of the Bank	अन्य बैंक/कंपनियों के बोर्ड की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता की संख्या No. of membership/ Chairmanship in committees of the board of other bank/companies	अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद Directorship held in other companies
1.	श्री अतुल कुमार गोयल प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी Shri Atul Kumar Goel Managing Director & Chief Executive Officer	02.11.2018	26500	07	04	न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ़) New India Assurance Co Ltd, Indian Institute Of Banking and Finance (IIBF)
2.	श्री अजय व्यास कार्यपालक निदेशक Shri Ajay Vyas Executive Director	03.04.2019	----	09	----	----
3.	श्री आनंद मधुकर सरकार के नामिती निदेशक Shri Anand Madhukar Govt. Nominee Director	04.12.2018	----	07	18	इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस), आईएफसीआई लिमिटेड, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, (आईआईएफसीएल) इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (यूके) लिमिटेड, राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) Institute of Banking Personnel Selection (IBPS)IFCI Ltd., India Infrastructure Finance Company Ltd.(IIFCL), India Infrastructure Finance Company (UK) Ltd., National Housing Bank(NHB)
4.	डॉ. अरविंद शर्मा भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती निदेशक Dr, Arvind Sharma RBI Nominee Director	23.02.2015	----	03	----	----
5.	डॉ. आशीष साहा अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक Dr. Asish Saha Part-time Non-official Director	27.12.2017	----	09	----	----
6.	श्री के राजीवन नायर शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत निदेशक Shri K Rajivan Nair Director under Shareholder Category	02.12.2017	100	08	----	----

* बोर्ड स्तरीय ऋण अनुमोदन समिति (बीएलसीएसी) के अतिरिक्त / Other than Board Level Credit Approval Committee (BLCAC).

2.2.1 दिनांक 31.03.2020 को समाप्त वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त /इस्तीफा देने वाले निदेशकगण

2.2.1 Directors who retired/resigned during the year ended on 31.03.2020:

क्र.सं. / Sl No	निदेशक का नाम / Name of the Director	नियुक्ति की तारीख / Date of Appointment	निदेशक पद की समाप्ति की तारीख / Date of Cessation of Directorship w.e.f.	यूको बैंक के निदेशक मंडल की समितियों की संख्या जिनके वे सदस्य थे / No. of Committees of the Board of UCO Bank on which a member
1	श्री चरण सिंह, कार्यपालक निदेशक Shri Charan Singh, Executive Director	10.03.2015	09.03.2020	09
2	श्री अनिल शर्मा, सनदी लेखाकार श्रेणी के अंतर्गत निदेशक Shri Anil Sharma, Director under CA Category	26.07.2016	25.07.2019	09
3	श्री अमित चटर्जी, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक Sri Amit Chatterjee, Part-time Non-Official Director	01.03.2019	29.02.2020	07

2.2.2 निदेशकों का संक्षिप्त विवरण

श्री अतुल कुमार गोयल
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

26 दिसंबर 1964 को जन्मे श्री अतुल कुमार गोयल ने 02 नवंबर 2018 को यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कार्यभार संभाला। इसके पूर्व वे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक थे।

श्री गोयल आनर्स के साथ कॉमर्स में स्नातक की उपाधि धारण करते हैं। वे इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्य हैं। इसके साथ वे सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (सीएआईआईबी) भी हैं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के नाते श्री गोयल ने प्रायः सभी महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो यथा बड़े कारपोरेट, जोखिम प्रबंधन, वित्तीय आयोजना और निवेशक संबंध के साथ साथ सपोर्ट सेवा, कारोबार प्रक्रिया रूपांतरण, अनुपालन आदि में काम किया है। अपने समृद्ध अनुभव और ज्ञान से उन्होंने बड़े कार्पोरेट और तुलन पत्र प्रबंधन विभागों में अमित सेवा दी है । इलाहाबाद बैंक में श्री गोयल ने अनेक महत्वपूर्ण विभागों में जिसमें बैंकिंग परिचालन, खासकर मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्य किया है। उन्होंने इलाहाबाद बैंक के मुंबई अंचल कार्यालय के प्रधान का भी कार्यभार निभाया है। श्री गोयल एक हंसमुख एवं मिलनसार कार्यपालक हैं जो अपने सर्वोत्तम नेटवर्किंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं।

श्री गोयल ने आइबीए की कराधान समिति के सदस्य रहने के अलावा प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों जिसमें एनआईबीएम, पुणे, आईएमटी, दिल्ली शामिल है, के द्वारा आयोजित अनेक कार्यक्रमों में भाग लिया है। उन्होंने काफराल के द्वारा देश और विदेश में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।

श्री अजय व्यास, कार्यपालक निदेशक

15 अगस्त, 1962 को जन्मे श्री अजय व्यास एक अनुभवी और तकनीक-प्रिय बैंकर हैं।

श्री अजय व्यास ने 3 अप्रैल, 2019 को यूको बैंक के कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले श्री व्यास सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल में क्षेत्रीय महाप्रबंधक थे।

श्री व्यास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि धारक हैं तथा उन्हें वाणिज्य बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, सामान्य प्रशासन, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, डेबिट और क्रेडिट कार्ड, अधिग्रहण सेवाओं और विपणन जैसे बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों का वृहत अनुभव है। दिनांक 01.10.1993 को प्रबंधक

2.2.2 Brief Profile of the Directors

Shri Atul Kumar Goel
Managing Director & Chief Executive Officer

Born on December 26, 1964, Shri Atul Kumar Goel assumed the charge as Managing Director & Chief Executive Officer of UCO Bank on November 02, 2018. Prior to his elevation as MD & CEO of UCO Bank, he was Executive Director in Union Bank of India.

Shri Goel holds a Bachelor Degree with Honours in Commerce and member of Institute of Chartered Accountants of India (ICAI). He is also a Certified Associate of Indian Institute of Banking and Finance (CAIIB).

As Executive Director in Union Bank of India, Shri Goel handled almost all key portfolios like Large Corporate, Risk Management; Financial Planning & Investor Relations apart from Support Service, Business Process Transformation, Compliance etc. Through his rich knowledge and experience, his contribution especially to Large Corporate and Balance sheet Management department is immeasurable. During his stint at Allahabad Bank, Shri Goel handled key areas covering vast spectrum of Banking operations, most importantly as Chief Financial Officer (CFO). He also headed the Mumbai Zone of Allahabad Bank. Mr. Goel, an ever smiling and easy to approach Executive is also known for his high networking skills.

Shri Goel has attended prestigious training programme conducted by NIBM Pune, IMT Delhi apart from member of Taxation Committee in IBA. He has also undergone training programme held abroad conducted under aegis of CAFRAL.

Shri Ajay Vyas, Executive Director

Born on 15th August, 1962, Shri Ajay Vyas is a seasoned and tech-savvy banker.

Shri Ajay Vyas assumed the charge as the Executive Director of UCO Bank on 3rd April, 2019. Shri Vyas was Field General Manager in Central Bank of India, Bhopal.

Shri Vyas holds a Bachelor Degree in Civil Engineering and possesses varied experience in different areas of banking such as Commercial Banking, Financial Inclusion, General Administration, Electronic payments, Cards - Debit and Credit,

(सिविल) के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यग्रहण के साथ उनका बैंकिंग कैरियर शुरूहुआ।

Acquiring Services and Marketing. His career in Banking began when he joined Central Bank of India as Manager (Civil) on 01.10.1993.

सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में अपनी छब्बीस वर्षों की सेवा के दौरान, उन्होंने शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और एफजीएम कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्य किया। अपने बैंकिंग कैरियर के दौरान, उन्होंने बैंक के कई युवा कर्मचारियों की मेंटरिंग की है। उच्च शिक्षा और पेशेवर दौरे पर उन्होंने जापान, थाईलैंड, हॉलैंड, सिंगापुर, फ्रांस और मलेशिया जैसे देशों की व्यापक यात्रा की है।

During his twenty-six years of service at Central Bank of India, he held various positions in Branches, Zonal Offices and FGM Offices. During his banking career, he has mentored many young staff members of the Bank. He has travelled widely abroad in countries like Japan, Thailand, Holland, Singapore, France and Malaysia for advance studies and professional tours.

वे बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भोपाल के अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, मध्य प्रदेश के संयोजक और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न समितियों के सदस्य भी रहे हैं।

He has also held the post of Chairman of Banks' Town Official Language Implementation Committee, Bhopal, Convenor of State Level Bankers' Committee, Madhya Pradesh and Member of different committees set up by Govt. of Madhya Pradesh.

श्री आनंद मधुकर, सरकार के नामिती निदेशक

Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director

30 नवंबर, 1972 को जन्मे श्री आनंद मधुकर आईआरपीएस (भारतीय रेल कार्मिक सेवा) के 1997 बैच के अधिकारी हैं। अभी वे वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में पदस्थापित हैं। बैंक के निदेशक मंडल में सरकार के नामिती निदेशक के रूप में उन्होंने 4 दिसंबर 2018 को कार्यभार संभाला। श्री मधुकर ने हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यूसीएलए, बर्कले से नीति तथा अभिशासन में एक अल्पावधिक पाठ्यक्रम भी किया है तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से नेगोशिएशन कौशल का पाठ्यक्रम भी किया है।

Born on November 30,1972, Shri Anand Madhukar is an IRPS (Indian Railway Personnel Service) Officer of 1997 Batch. At present, he is posted as Officer on Special Duty in Department of Financial Services, Ministry of Finance, Government of India. He has joined Bank's Board as Government Nominee Director w.e.f December 04, 2018. Shri Madhukar holds a Masters Degree in History from Hansraj College, Delhi University. He has also pursued short term courses on Ethics and Governance from UCLA, Berkeley and on Negotiation Strategies from London School of Economics.

श्री आनंद मधुकर को विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का लगभग 21 वर्षों का सुदीर्घ अनुभव है। इनमें कुछ इस प्रकार हैं:

1. वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर डिवीजन। प्रायः 22000 कर्मचारियों के मानव संसाधन विभाग के प्रधान का दायित्व निभाया है।
2. रेलवे भर्ती सेल, दक्षिण पूर्व रेलवे के अध्यक्ष के रूप में समूह डी के लिए प्रायः 8 लाख आवेदकों से में करीब 2500 भर्तियां की हैं।
3. कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय में निदेशक (एसीसी) के रूप में उन्होंने सीपीएसई,पीएसबी, स्वशासी निकायों, ट्रिब्यूनलों आदि में वरिष्ठ नियुक्तियां सम्पादित की हैं। इस क्रम में उन्हें मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति का अनुमोदन प्राप्त करने तथा भारत सरकार की मानव संसाधन नीतियों को विहंगम दृष्टि से देखने का अवसर मिला है। उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए उन्हें वर्ष 2008-09 का रेल मंत्री अवार्ड भी प्राप्त हुआ है।

Mr Anand Madhukar has experience of around 21 years and has held several significant positions which include :

1. Senior Divisional Personnel Officer of Chakradharpur Division of South Eastern Railway heading HR functions for approximately 22,000 employees.
2. As Chairman of Railway Recruitment Cell of South Eastern Railway handled Group D recruitment for app. 2500 vacancies having 8 lakhs applicants.
3. As Director (ACC) in DOPT handled senior appointments in CPSEs, PSBs, Autonomous Bodies, Tribunals etc. requiring approval of the Appointments Committee of the Cabinet, getting a bird's-eye view of the HR policies of the Govt. of India in the process. He was awarded with Minister of Railways Award for outstanding performance for the year 2008-09.

डॉ. अरविंद शर्मा, भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती निदेशक

Dr. Arvind Sharma , RBI Nominee Director

5 अगस्त, 1958 को जन्मे डॉ. अरविंद शर्मा को फॉरेक्स रिजर्व प्रबंधन, औद्योगिक एवं निर्यात ऋण सहित बैंकिंग के कई अन्य क्षेत्रों में व्यापक अनुभव है। भारत सरकार द्वारा दिनांक 23.02.2015 को उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती निदेशक के रूप में बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया गया है। वे एमबीए, सीएफए, सीएआईआईबी, पीएचडी हैं तथा उन्होंने भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया है।

Born on 5th August, 1958, Dr Arvind Sharma possesses wide experience in the fields of Forex Reserve Management, Industrial and Export Credit and many other fields of Banking. He was appointed as RBI Nominee Director on the Board of the Bank by the Government of India on 23.02.2015. He is qualified as MBA, CFA, CAIIB, Ph.D and has worked as Chief General Manager, RBI Central Office.

डॉ. आशीष साहा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

Dr. Asish Saha, Part-time Non-official Director

8 अक्तूबर, 1954 को जन्मे डा. (श्री) आशीष साहा ने 27 दिसंबर, 2017 को यूको बैंक के अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में योगदान दिया। कलकत्ता विश्वविद्यालय से वाणिज्य में डाक्टरेट की उपाधि तथा मास्टर्स इन बिजनेस मैनेजमेंट (एमबीएम) - वित्त की उपाधि धारण करने वाले डा. साहा 10 वर्षों से भी ज्यादा समय तक राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान के निदेशक रहे हैं। बैंकिंग तथा वित्त के क्षेत्र में सुदीर्घ अनुभव रखनेवाले डा. साहा प्रसिद्ध शैक्षिक संस्थानों से संबद्ध रहे हैं। सम्प्रति वे फ्लेम विश्वविद्यालय, पुणे में बैंकिंग तथा वित्त के फैकल्टी हैं।

Born on 8th October, 1954, Dr. (Shri) Asish Saha joined UCO Bank as Part-time Non-official Director on 27thDecember 2017. Dr. Asish Saha is Ph.D in Commerce from University of Calcutta and Masters in Business Management (MBM) - Finance.Dr. Asish Saha has served as Director, NIBM for over ten years. He has wide experience in the field of Banking and finance and has been associated with several renowned educational institutions and is currently a faculty for Banking and Finance at FLAME University, Pune.

श्री के राजीवन नायर, शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत निदेशक

1 सितंबर 1961 को जन्मे श्री के राजीवन नायर सम्प्रति भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यरत हैं तथा निगम के मुख्य जीवन बीमा परामर्शी विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में कार्यपालक निदेशक हैं। यूको बैंक के निदेशक मंडल में उन्होंने 2 दिसंबर, 2017 को शेयर धारकों के निदेशक के रूप में योगदान दिया। उन्हें विपणन, वित्त, विधि तथा मानव संसाधन के क्षेत्र में काम करने का व्यापक अनुभव है।

Shri K Rajivan Nair, Director under Shareholder Category

Born on 1st September 1961, Shri K Rajivan Nair is presently working with Life Insurance Corporation of India and is currently holding the post of Executive Director in Chief Life Insurance Advisor Department, Central Office, Mumbai. He joined the Board of UCO bank on 2nd December 2017 as Shareholder Director and has vast experience in the areas of Marketing, Finance, Law, Human Resource.

2.2.3. निदेशक मंडल की विशेषज्ञता / Expertise of the Board of Directors

क्र. सं. Sl No	निदेशक के नाम एवं पदनाम Name & Designation of Director	विशेषज्ञता Expertise
1.	श्री अतुल कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी Shri Atul Kumar Goel, Managing Director & CEO	लेखाशास्त्र एवं बैंकिंग Accountancy and Banking
2.	श्री अजय व्यास, कार्यपालक निदेशक Shri Ajay Vyas, Executive Director	बैंकिंग Banking
3.	श्री आनंद मधुकर, सरकार के नामिती निदेशक Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director	प्रशासन Administration
4.	डॉ. अरविंद शर्मा, भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती निदेशक Dr, Arvind Sharma, RBI Nominee Director	बैंकिंग Banking
5.	डॉ. आशीष साहा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक Dr. Asish Saha, Part-time Non-official Director	बैंकिंग एवं वित्त Banking & Finance
6.	श्री के राजीवन नायर, शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत निदेशक Shri K Rajivan Nair, Director under Shareholder Category	बैंकिंग एवं विपणन Banking and Marketing

2.3 निदेशक मंडल की बैठकों की तारीख

समीक्षाधीन अवधि के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना 1970 के खंड 12 के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम 6 (छह) बैठकों तथा सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 में निर्धारित न्यूनतम 4 (चार) बैठकों की तुलना में निम्नलिखित तारीखों को निदेशक मंडल की 15 (पंद्रह) बैठकें आयोजित की गईं :

2.3 Dates of Board Meetings:

During the period under review, 15 (fifteen) meetings of the Board were held on following dates, as against a minimum of 6 (six) prescribed under Clause 12 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme 1970 and minimum of 04 (four) meetings stipulated under SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015:

05.04.2019	24.04.2019	14.05.2019	13.06.2019	21.06.2019	24.07.2019	08.08.2019
28.08.2019	18.09.2019	24.10.2019	07.11.2019	13.12.2019	16.01.2020	06.02.2020
06.03.2020						

3. निदेशक मंडल की समितियां:

भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेशों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अनुसरण में बैंक में निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिसका उद्देश्य निर्णय प्रक्रिया को सुचारुऔर कारगर बनाना, समितियों के विचारार्थ विषयों के अंतर्गत आनेवाले विभिन्न कार्यकलापों की प्रभावी निगरानी एवं अनुवर्ती कार्रवाई करना है। निदेशक मंडल की विभिन्न स्थायी समितियों के विवरण नीचे दर्शाए गए हैं:

3 Committees of the Board:

Pursuant to the instructions/guidelines/directives issued by the Reserve Bank of India/Government of India, various committees of the Board have been constituted with the objective of streamlining the decision making process, effective monitoring and follow up of various activities falling within the terms of references of such committees. Details of the various committees of the Board are as under:

3.1 निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) :

भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशानुसार हमारे बैंक ने निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति का गठन किया है जिसमें स्टॉक एक्सचेंजों के साथ निष्पादित सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 में निर्धारित न्यूनतम 3 (तीन) निदेशकों की जगह 5 (पांच) निदेशक हैं। समिति के सभी निदेशक वित्तीय रूप से शिक्षित हैं।

3.1 Audit Committee of the Board (ACB):

As per directives of RBI, the Bank constituted the Audit Committee of the Board (ACB) with 5 (five) directors as against minimum of 3 (three) directors stipulated under SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. All the Directors on the Committee are financial literates.

3.1.1 एसीबी एक सशक्त प्रबंधकीय व्यवस्था के रूप में लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण की प्रभाविता को सुनिश्चित करने और बढ़ाने हेतु बैंक की आंतरिक लेखापरीक्षा/निरीक्षण कार्य का सर्वेक्षण, समीक्षा करती है एवं निदेश देती है। आंतरिक लेखापरीक्षा के संबंध में समिति इन उद्देश्यों के अनुसार बैंक के आंतरिक निरीक्षण/लेखापरीक्षा संबंधी कार्य - उसकी प्रणाली, गुणवत्ता एवं प्रभाविता की समीक्षा करती है। जहां तक बाह्य लेखापरीक्षा का संबंध है, समिति लांग फार्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए सभी मुद्दों की समीक्षा करती है। इसके अतिरिक्त यह लेखापरीक्षा रिपोर्ट के मसौदे में लेखांकन नीतियों, रीतियों, अर्हताओं में परिवर्तन तथा लेखांकन मानक के अनुपालन के विशेष संदर्भ में समीक्षाकृत /लेखापरीक्षित लेखों को अंतिम रूप दिए जाने के पूर्व बाह्य लेखापरीक्षकों के साथ विचार-विमर्श करती है। इसके साथ ही यह भारतीय रिजर्व बैंक की निरीक्षण रिपोर्टों में उठाए गए सभी मुद्दों/समस्याओं के संबंध में भी कार्रवाई करती है। यह समिति आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, आंतरिक लेखा-कार्य, समाधान, कपट एवं अन्य संबंधित विषयों की भी समीक्षा करती है।

3.1.2 वर्तमान में निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक एवं समिति के अध्यक्ष डॉ. आशीष साहा, श्री अजय व्यास, कार्यपालक निदेशक, श्री आनंद मधुकर, सरकार नामिती निदेशक एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती निदेशक डॉ. अरविंद शर्मा सदस्य के रूप में शामिल हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 18 में निर्धारित न्यूनतम 4 (चार) बैठकों की तुलना में इस समिति की 9 (नौ) बैठकें आयोजित की गईं।

3.1.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति की 9 (नौ) बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित की गईं:

04.04.2019	14.05.2019	25.07.2019	08.08.2019	18.09.2019
07.11.2019	17.01.2020	06.02.2020	07.03.2020	

3.2 निदेशक मंडल की प्रबंध समिति (एमसीबी):

समिति का गठन राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और विविध उपबंध) योजना 1970 के उपबंधों के अनुसार किया गया है। इसके सदस्य हैं: प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशकगण, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ग) में निर्दिष्ट निदेशक तथा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के खंड (ङ), (च), (ज) एवं (झ) में निर्दिष्ट निदेशकों में से निदेशक मंडल द्वारा नामित तीन निदेशक। निदेशक मंडल द्वारा नामित निदेशक एक बार में एक वर्ष से अधिक समय तक पद पर नहीं रहेंगे। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एमसीबी के अध्यक्ष हैं।

3.2.1 समिति का उद्देश्य निम्नलिखित पर विचार करना और उन्हें अनुमोदित करना है :

i) अधिक राशि के उधार/ऋण, समझौता और बट्टे खाते डालने के प्रस्ताव,

ii) पूंजीगत और राजस्व व्यय हेतु तथा परिसर के अधिग्रहण और किराए पर लेने से संबंधित बड़ी राशि के प्रस्ताव, जिसमें परिसर के अधिग्रहण/किराए पर लेने के मानदंडों से विचलन भी शामिल है,

iii) कंपनियों के शेयरों/डिबेंचरों में निवेश सहित सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में अधिक राशि का निवेश करने के प्रस्ताव और हामीदारी, दान देने संबंधी अधिक राशि के प्रस्ताव और

iv) समय-समय पर इस समिति के पास भेजे गए इसी प्रकार के कोई अन्य मामले।

3.2.2 वर्तमान में निदेशक मंडल की प्रबंध समिति में समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री ए. के. गोयल, कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास, डॉ. अरविंद शर्मा, भारतीय

3.1.1 The ACB oversees, reviews and provides directions to the internal audit/ inspection function in the Bank in order to ensure and enhance the effectiveness of the audit and inspection function as a strong management tool. In respect of internal audit, the Committee reviews the internal inspection/ audit function of the Bank - the system, its quality and effectiveness in terms of the objectives. As regards external audit, the committee reviews all the issues raised in the Long Form Audit Report. Besides, it interacts with the external auditors before finalization of reviewed/ audited accounts with special reference to change in accounting policies, practices, qualifications in the draft audit report and compliance with the accounting standards. It also addresses all issues/concerns raised in inspection report of RBI. Besides, the committee also reviews the internal control system, the areas of housekeeping, reconciliation, fraud and other related matters.

3.1.2 The ACB, at present, comprises Dr Asish Saha, Part-time Non-Official Director as its Chairman, Shri Ajay Vyas, Executive Director, Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director and Dr. Arvind Sharma, RBI Nominee Director as its members. During the period under review, 9 (nine) meetings of the ACB were held as against a minimum of 4 (four) meetings in a year stipulated in Regulation 18 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015.

3.1.3 During the period under review, 9 (nine) meetings of the ACB were held on following dates:

04.04.2019	14.05.2019	25.07.2019	08.08.2019	18.09.2019
07.11.2019	17.01.2020	06.02.2020	07.03.2020	

3.2 Management Committee of the Board (MCB):

The Management Committee of the Board (MCB) is constituted as per provisions of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme 1970. Its members are the Managing Director & Chief Executive Officer, Executive Directors, directors referred in section 9(3)(c)of the Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act 1970 and three directors nominated by the Board from amongst the directors referred to in section 9(3)(e), 9(3)(f), 9(3)(h) and 9(3)(i) of the Banking companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act 1970. The Directors nominated by the Board shall hold office for not more than one year at a time. The Managing Director & Chief Executive Officer acts as the Chairman of the MCB.

3.2.1 The objectives of the MCB are to consider and approve -

i) High value credit/loan, compromise and write-off proposals,

ii) High value proposals for capital and revenue expenditure and those relating to acquisition and hiring of premises including deviation from prescribed norms for acquisition/ hiring of premises,

iii) Proposal for high value investments in Govt. and other approved securities including investment in shares/ debentures of companies as well as high value proposals of underwriting, making donations and

iv) Any other matter of similar nature referred to it from time to time.

3.2.2 The MCB, at present, comprises Shri A K Goel, Managing Director & Chief Executive Officer as its Chairman, Shri Ajay Vyas, Executive Director, Dr Arvind Sharma, RBI Nominee

रिजर्व बैंक के नामिती निदेशक एवं श्री के. राजीवन नायर शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत नियुक्त निदेशक सदस्य के रूप में शामिल हैं।

3.2.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की प्रबंध समिति की 15 (पंद्रह) बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित की गईं :

Director and Shri K. Rajivan Nair, Director appointed under shareholder category as its members.

3.2.3 During the period under review, 15 (fifteen) meetings of the MCB were held on the dates as follows:

24.04.2019	13.05.2019	13.06.2019	21.06.2019	24.07.2019	28.08.2019
18.09.2019	17.10.2019	07.11.2019	13.12.2019	16.01.2020	29.01.2020
25.02.2020	06.03.2020	25.03.2020			

3.3 निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति :

3.3.1 निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसीबी) बैंक के कारोबार में आनेवाली विभिन्न प्रकार की जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी करती है तथा बैंक को संबंधित दिशानिर्देश देती है और आवधिक समीक्षा एवं निगरानी के आधार पर ऐसी कार्यनीतियां बनाती है जिनसे बैंक के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कारोबार के परिचालन में स्थायित्व और दक्षता सुनिश्चित हो। यह बैंक में आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) प्रणाली के क्रियाकलाप का पर्यवेक्षण एवं निगरानी भी करती है।

3.3.2 वर्तमान में निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति में समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री ए. के. गोयल तथा सदस्य के रूप में कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक डॉ. आशीष साहा एवं शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत निदेशक श्री राजीवन नायर शामिल हैं।

3.3.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान आरएमसीबी की 4 (चार) बैठकें इन तारीखों को आयोजित की गईं :

14.06.2019	29.08.2019	12.12.2019	06.03.2020

3.3 Risk Management Committee of the Board:

3.3.1 The Risk Management Committee of the Board (RMCB) identifies, evaluates, monitors and guides the Bank on various categories of risks to which the Bank's business is exposed and devises, based on periodical review and monitoring, such strategies as would ensure stability and efficiency of the domestic and International business operations of the Bank. It also supervises and monitors the functioning of the Asset Liability Management (ALM) System in the Bank.

3.3.2 The RMCB, at present, comprises Shri A. K. Goel, Managing Director & Chief Executive Officer as its Chairman, Shri Ajay Vyas, Executive Director, Dr. Asish Saha, Part-time Non-official Director and Shri K Rajivan Nair, Director under Shareholder Category as its members.

3.3.3 During the period under review, 4 (four) meetings of the RMCB were held on the dates as follows:

14.06.2019	29.08.2019	12.12.2019	06.03.2020

3.4.0 निदेशक मंडल की हितधारक संबंध समिति :

3.4.1 शेयरधारकों/निदेशकों की शिकायतों, यथा - धन वापसी आदेश, शेयर प्रमाणपत्र, लाभांश वारंट आदि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायतकर्ता की तुष्टि के अनुरूप शिकायत का त्वरित निवारण करने के लिए गैर-कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया गया।

3.4.2 समिति में श्री अजय व्यास, कार्यपालक निदेशक, श्री चरण सिंह, कार्यपालक निदेशक तथा श्री अमित चटर्जी, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक सदस्य के रूप में शामिल हैं। उक्त सदस्यो में से श्री चरण सिंह तथा श्री अमित चटर्जी ने कार्यकाल पूरा होने पर क्रमशः दिनांक 09.03.2020 एवं 29.02.2020 को पदत्याग कर दिया।

3.4.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान समिति की 2 (दो) बैठकें दिनांक 17.10.2019 एवं 25.02.2020 को आयोजित की गईं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्राप्त सभी शिकायतों का निवारण किया गया।

3.4. Stake Holders' Relationship Committee of the Board:

3.4.1 The Stake Holders' Relationship Committee of the Board is constituted under the Chairmanship of Non-executive Director for speedy redressal of complaints/ grievances of shareholders/ investors, like, non-receipt of refund orders, share certificates, dividend warrants etc., to the satisfaction of the complainants.

3.4.2 The Committee comprises of Shri Ajay Vyas, Executive Director, Shri Charan Singh, Executive director and Shri Amit Chatterjee, Part time Non-Official director as its members. Out of the above members, Shri Charan Singh and Shri Amit Chatterjee demitted their office on 09.03.2020 and 29.02.2020 respectively on completion of tenure.

3.4.3 During the period under review, 2 (two) meetings of the Committee was held on 17.10.2019 and 25.02.2020. All the complaints received during the period under review were redressed.

3.5 निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसीबी)

3.5.1 समिति बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा करती है और निदेशक के रूप में निर्वाचित होने या चुने जाने वाले व्यक्तियों की "उचित एवं सही स्थिति" का निर्धारण करती है।

3.5.2 भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीआर. एपीपीटी. नं. 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02.08.2019 के साथ पठित भारत सरकार के दिनांक 30.08.2019 के दिशानिर्देशों के अनुसार समिति में बोर्ड के गैर-कार्यकारी निदेशक शामिल होंगे।

3.5.3 अभी डॉ. आशीष साहा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक तथा श्री के. राजीवन नायर, शेयर-धारक शेणी के अंतर्गत निदेशक समिति के सदस्य हैं।

3.5.4 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड की पूर्ववर्ती पारिश्रमिक समिति की 2 (दो) बैठकें दिनांक 13.05.2019 एवं 13.06.2019 को आयोजित की गईं।

3.5 Nomination and Remuneration Committee of the Board (NRCB):

3.5.1 The Committee evaluates performance of Bank's Whole-time Directors and determines "Fit & Proper status" of elected or to be elected Director.

3.5.2 As per Government of India guidelines dated 30.08.2019 read with RBI circular DBR. Appt. No. 9/29.67.001/2019-20 dated 02.08.2019, the Committee shall comprise of non-executive Directors of the Board.

3.5.3 The Committee, at present, comprises Dr. Asish Saha, Part-time Non-official Director and Shri K. Rajivan Nair, Director under Shareholder category.

3.5.4 During the period under review, 2(two) meeting of the erstwhile Remuneration Committee of the Board was held on 13.05.2019 and 13.06.2019.

3.6 बड़ी राशि के कपटों की निगरानी हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति :

3.6.1 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुपालन में बड़ी राशि के कपटों की निगरानी हेतु विशेष समिति का गठन किया गया है जिसका उद्देश्य ₹1 करोड़ एवं उससे अधिक की राशि के कपटों की निगरानी एवं उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस समिति के अध्यक्ष हैं।

3.6.2 वर्तमान में इस समिति में, समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री ए. के. गोयल, बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास, सरकार के नामिती निदेशक, श्री आनंद मधुकर, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक डॉ. आशीष साहा एवं शेयरधारक श्रेणी के. अंतर्गत निदेशक श्री के. राजीवन नायर सदस्य के रूप में शामिल हैं।

3.6.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान इस समिति की 6 (छह) बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित की गईं:

3.6 Special Committee of the Board for Monitoring of Large Value Frauds:

3.6.1 In compliance with the guidelines issued by Reserve Bank of India, Special Committee for Monitoring Large Value Frauds has been constituted with the objective of monitoring and following up frauds involving ₹1.00 crore and above. The Managing Director & Chief Executive Officer of the Bank acts as the Chairman of the Committee.

3.6.2 At present, the Committee comprises of Shri A K Goel, Managing Director & Chief Executive Officer as its Chairman, Shri Ajay Vyas, Executive Director, Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director, Dr Asish Saha, Part-time Non-official Director and Shri K. Rajivan Nair, Director under shareholder category as its members.

3.6.3 During the period under review, 6 (six) meetings of the Committee were held on the dates as follows:

14.06.2019	24.07.2019	29.08.2019	24.10.2019	16.01.2020	07.03.2020

3.7 निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी)

3.7.1 निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति का गठन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुपालन में किया गया है।

3.7.2 समिति का उद्देश्य:

i) जनसेवा प्रक्रिया एवं कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षा समिति की संस्तुतियों का कार्यान्वयन एवं पालन, साथ ही उसकी संस्तुतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु,

ii) सदैव सभी श्रेणी के ग्राहकों के लिए ग्राहक-तुष्टि के स्तर में सुधार लाने हेतु,

iii) ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए नवीन उपायों पर विचार करने हेतु।

3.7.3 वर्तमान में इस समिति में, समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री ए. के. गोयल, बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास, सरकार के नामिती निदेशक श्री आनंद मधुकर एवं शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत निदेशक श्री के. राजीवन नायर सदस्य के रूप में शामिल हैं।

3.7.4 समीक्षाधीन अवधि के दौरान इस समिति की 3 (तीन) बैठकें इन तारीखों को हुईं:

24.04.2019	25.07.2019	13.12.2019

3.7 Customer Service Committee of the Board (CSCB):

3.7.1 In compliance with the directives issued by Reserve Bank of India, the Customer Service Committee of the Board has been constituted.

3.7.2 Objectives of the Committee:

i) To ensure implementation of and adherence to the recommendations of Committee on Procedures and Performance Audit of Public Services as well as compliance with its recommendations;

ii) To bring upon improvement in the level of customer satisfaction for all categories of clientele at all times;

iii) To consider innovative measures to enhance the quality of customer service.

3.7.3 At present, the Committee comprises Shri A K Goel, Managing Director & Chief Executive Officer as its Chairman, Shri Ajay Vyas, Executive Director, Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director and Shri K. Rajivan Nair, Director under shareholder category as its members.

3.7.4 During the period under review, 3 (three) meetings of the Committee were held on the dates as follows:

24.04.2019	25.07.2019	13.12.2019

3.8 बैंक के मानव संसाधन संबंधी मुद्दों से संबंधित समिति (निदेशक मंडल की मानव संसाधन समिति)

सरकारी क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लिए प्रबंधकीय स्वायत्तता संबंधी भारत सरकार के निदेशों के आलोक में बैंक के निदेशक मंडल को यह स्वतंत्रता दी गई है एवं उत्तरदायित्व सौंपा गया है कि वह सरकारी नीतियों के व्यापक ढांचे के भीतर प्रबंधकीय मुद्दों पर निर्णय ले। स्वायत्तता से संबंधित एक क्षेत्र का संबंध मानव संसाधन से संबंधित नीति एवं क्रियाविधि के निर्माण से है।

3.8.1 वर्तमान में इस समिति के अध्यक्ष के रूप में श्री अतुल कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं; श्री अजय व्यास, कार्यपालक निदेशक, श्री आनंद मधुकर, सरकार के नामिती निदेशक एवं डॉ. आशीष साहा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक सदस्य के रूप में शामिल हैं।

3.8.2 समिति का उद्देश्य :

i) स्टाफ ढांचा, भर्ती, पदस्थापना, स्थानांतरण, प्रशिक्षण, पदोन्नति, पेंशन आदि सहित बैंक से संबंधित मानव संसाधन संबंधी सभी मुद्दों के बारे में निर्णय करना,

3.8 Committee on HR Related Issues of the Bank (HR Committee of the Board):

In the light of directive of Govt. of India on Managerial Autonomy to the Public Sector Banks (PSB), the Board of Directors of the Bank is granted the freedom and responsibility for deciding on managerial issues within the broad framework of the Government policies. One of the areas of autonomy relates to framing of HR policies and procedures.

3.8.1 At present, the Committee comprises of Shri Atul Kumar Goel, Managing Director & Chief Executive Officer as its Chairman, Shri Ajay Vyas, Executive Director, Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director and Dr. Asish Saha, Part-time Non-official Director as its members.

3.8.2 Objectives of the Committee:

i) To decide all Human Resource issues relating to the Bank including staffing pattern, recruitment, placement, transfer, training, promotions, pensions, etc.,

ii) पात्रता मानदंड, चयन की पद्धति, प्रवेश के स्तरों आदि सहित भर्ती के लिए मानव संसाधन संबंधी नीति एवं क्रियाविधि बनाना,

iii) अधिकारियों एवं स्टाफ के पारिश्रमिक एवं क्षतिपूर्ति के बारे में निर्णय लेना,

iv) बैंक के पदधारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी से संबंधित नीति निर्धारित करना एवं

v) शाखाओं के वर्गीकरण के लिए मानदंड विहित करना।

उपर्युक्त मामले सीधे बोर्ड से संबंधित हैं और इसलिए समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई।

3.8.3 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की 3 (तीन) बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित हुईः

25.07.2019	12.12.2019	17.01.2020

3.9 निदेशक मंडल की सू.प्रौ. कार्यनीति समिति

3.9.1 प्रौद्योगिकी उन्नयन एवं अन्य सूचना प्रौद्योगिकी पहल से संबंधित मामलों पर कार्यनीति बनाने हेतु निदेशक मंडल की सू.प्रौ. कार्यनीति समिति का गठन किया गया है।

3.9.2 वर्तमान में इस समिति में कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास, सरकार के नामित निदेशक श्री आनंद मधुकर एवं शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत निदेशक श्री के. राजीवन नायर सदस्य के रूप में शामिल हैं।

3.9.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान समिति की 4 (चार) बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित की गईः

14.06.2019	29.08.2019	12.12.2019	07.03.2020

3.10 एनपीए खातों मे वसूली की निगरानी के लिए निदेशक मंडल स्तरीय समिति:

3.10.1 बैंक में एक सख्त निगरानी प्रणाली कराने के संबंध में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशों के अनुपालन में दिनांक 07.12.2012 को एनपीए वसूली की निगरानी के लिए एक निदेशक मंडल स्तरीय समिति बनाई गई है, जो अनर्जक आस्तियों में वसूली की प्रगति पर लगातार निगरानी रखेगी।

3.10.2 वर्तमान में इस समिति के अध्यक्ष प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल हैं तथा बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास, श्री आनंद मधुकर, सरकार के नामिती निदेशक तथा अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक डॉ. आशीष साहा सदस्य के रूप में शामिल हैं।

3.10.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान समिति की 10 (दस) बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित की गईः

ii) To frame HR policies and procedures for recruitment including eligibility criteria, mode of selection, levels of entry, etc.,

iii) To take decisions on remuneration and compensation of officers and staff,

iv) To lay down policy of accountability and responsibility of Bank officials, and

v) To prescribe standards for categorization of branches.

The matters pertaining to aforesaid areas were taken up directly with the Board, and therefore no meeting of the Committee was held during the period under review.

3.8.3 During the period under review, 3 (three) meeting of the Committee was held on dates as follows:

25.07.2019	12.12.2019	17.01.2020

3.9 IT Strategy Committee of the Board:

3.9.1 The IT Strategy Committee of the Board has been constituted to formulate strategies in the matters relating to technology upgradation and other IT initiatives.

3.9.2 At present, the Committee comprises Shri Ajay Vyas, Executive Director, Shri Anand Madhukar, Government Nominee Director and Shri K. Rajivan Nair, Director under Shareholder category as its members.

3.9.3 During the period under review 04 (four) meetings of the committee were held on the dates as follows:

14.06.2019	29.08.2019	12.12.2019	07.03.2020

3.10 Board Level Committee for Monitoring Recovery in NPAs accounts:

3.10.1 In compliance with the directives of Ministry of Finance, Government of India, to have a robust monitoring mechanism in the Bank, a Board Level Committee for Monitoring of Recovery in NPAs has been constituted on 07.12.2012 to monitor progress in recovery of Non-Performing Assets on regular basis.

3.10.2 At present, the Committee comprises Shri Atul Kumar Goel, Managing Director and Chief Executive Officer as its Chairman, Shri Ajay Vyas, Executive Director, Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director and Dr. Asish Saha, Part-time Non-official Director as its members.

3.10.3 During the period under review, 10(ten) meetings of the committee were held on dates as follows:

24.04.2019	13.05.2019	13.06.2019	24.07.2019	28.08.2019
24.10.2019	13.12.2019	16.01.2020	06.02.2020	06.03.2020

3.11 अपील मामलों के निपटान के लिए निदेशक मंडल की समिति:

3.11.1 अनुशासनिक प्राधिकारी की क्षमता में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा जारी आदेशों के विरुद्ध कर्मचारियों द्वारा की गई अपीलों का निपटान करने के लिए अपील मामलों के निपटान के लिए समिति गठित की गई है।

3.11.2 वर्तमान में अपील मामलों के निपटान की समिति में सरकार द्वारा नामित निदेशक श्री आनंद मधुकर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक डॉ. अरविंद शर्मा एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक डॉ. आशीष साहा सदस्य के रूप में शामिल हैं।

3.11.3 समीक्षाधीन अवधि के दौरान समिति की 3 (तीन) बैठकें 24.04.2019, 14.05.2019 एवं 25.07.2019 को आयोजित की गईं।

3.11 Committee of the Board for disposal of Appeal Cases:

3.11.1 The Committee for disposal of Appeal Cases is constituted to dispose off appeals preferred by the employees against the orders issued by Managing Director & Chief Executive Officer in the capacity of Disciplinary Authority.

3.11.2 At present, the Committee comprises Shri Anand Madhukar, Govt. Nominee Director, Dr. Arvind Sharma, RBI Nominee Director andDr. Asish Saha, Part-time Non-official Director as its members.

3.11.3 During the period under review, 3(three) meetings of the Committee were held on the dates 24.04.2019, 14.05.2019 and 25.07.2019.

3.12 समीक्षा समिति (जान-बूझकर चूक करने वाले):

